


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 37 अंक 36 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 06 नवंबर 2025 डाक 07 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने दी भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि



**देश-विदेश**

पेंशन में अब मनमानी कटौती नहीं केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को लेकर सरकार ने लिया बड़ा फैसला



**कोरबा पेज**

इंदिरा का जीवन गरीबों को समर्पित था: प्रसाद



## वलसाड में डीआरआई की बड़ी कार्रवाई 22 करोड़ रुपये की अल्प्राजोलम जब्त, चार लोगों को किया गया गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने गुजरात के वलसाड जिले में एक गुप्त फैक्ट्री पर छापा मारकर 22 करोड़ रुपये मूल्य की अल्प्राजोलम नाम की मादक दवा जब्त की है। इस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें इस अवैध कारोबार के मास्टरमाइंड, फाइनेंसर और निर्माता शामिल हैं। डीआरआई के अनुसार, जांच में पता चला है कि यह दवा तेलंगाना भेजी जानी थी, जहां इसे ताड़ी में मिलाने की योजना थी। अल्प्राजोलम एक प्रिस्क्रिप्शन दवा है, जिसका इस्तेमाल मानसिक रोगों या चिंता कम करने के लिए डॉक्टर की सलाह पर किया जाता है। भारत में यह एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत सख्ती से नियंत्रित है। बिना अनुमति इसके निर्माण, बिक्री, या परिवहन पर कड़ी सजा का प्रावधान है। डीआरआई ने इस कार्रवाई को ऑपरेशन व्हाइट कॉडलन नाम दिया था। खुफिया जानकारी के आधार पर अधिकारियों ने फैक्ट्री पर नजर रखी और मंगलवार को अचानक छापा मारा। छापे में पूरी तरह सुसज्जित अवैध दवा निर्माण यूनिट मिली, जिसमें बड़े पैमाने पर उत्पादन के उपकरण जैसे रिएक्टर, सेंट्रीफ्यूज, रेफ्रिजरेशन यूनिट और हीटिंग मैन्टल मिले। डीआरआई की छापेमारी में 9.55 किलो अल्प्राजोलम (तैयार रूप में), 104.15 किलो अर्ध-तैयार अवस्था में और 431 किलो कच्चा माल और रासायनिक पदार्थ को बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए चार लोगों में दो मुख्य आरोपी (निर्माता और फाइनेंसर), एक कर्मचारी और एक ग्राहक शामिल है, जो तेलंगाना से दवा लेने आया था। डीआरआई ने बताया कि इसी साल अगस्त में भी आंध्र प्रदेश के अच्युतापुरम (अनकापल्ली जिला) में एक ऐसी ही अवैध फैक्ट्री पकड़ी गई थी, जहां से 119.4 किलो अल्प्राजोलम जब्त की गई थी।

# लखीसराय-बेगूसराय सबसे आगे, पटना में सबसे कम मतदान

## लालू बोले- तवे से रोटी पलटनी चाहिए

### ईव्हीएम खराब होने के बाद कई जगह हंगामा, वोट चोर के नारे लगे

**पटना 06 नवंबर [एजेंसी]।**

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज में 18 जिलों की 121 सीटों पर वोटिंग जारी है। शाम 6 बजे तक मतदान होगा। सुबह 11 बजे तक 27.65 फीसदी वोटिंग हुई है। आज की 121 सीटों में 104 सीटों पर सीधा मुकाबला है, जबकि 17 सीटों पर त्रिकोणीय लड़ाई है। बिहार की 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हो रहे हैं। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के विधानसभा क्षेत्र लखीसराय के हलसी प्रखंड के खुडयारी गांव की बूथ संख्या 404, 405 पर बूथ कैपचरिंग की खबर पर स्क्र अजय कुमार दलबल के साथ पहुंचे। खुडयारी गांव में जवानों ने फ्लैग मार्च किया। हालांकि SP ने कहा, ऐसी कोई बात नहीं है। इधर, लालू यादव ने कहा, तवे पर रोटी पलटनी चाहिए।

मुजफ्फरपुर के 3 बूथ पर वोट बहिष्कार गायघाट विधान सभा में 3 बूथों पर वोट बहिष्कार हुआ है। बूथ नंबर 161, 162 और 170 पर मतदाताओं ने पुल और सड़क निर्माण को लेकर वोट का बहिष्कार कर दिया है। पहले फेज में 10 हॉट सीट: जिसमें तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, अनंत सिंह समेत कई बड़े चेहरों की साख दांव पर है।



**संवेदनशील बूथों पर 5 बजे तक वोटिंग** -सिमरी बख्तियारपुर, महिषी, तारापुर (मुंगेर जिला) और जमालपुर में सुरक्षा कारणों से मतदान का समय शाम 5 बजे तक सीमित कर दिया गया।

**पीठासीन अधिकारी की तबीयत बिगड़ी**- फतुहा विधानसभा के हाजीपुर गांव स्थित बूथ संख्या 254 पर तैनात पीठासीन अधिकारी की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिहारशरीफ में मतदान के दौरान पुलिस ने 4 बीजेपी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि ये लोग वार्ड 16 में बूथ संख्या 226 से 232 के पास पर्ची बांट रहे थे।

वैशाली के लालगंज, दरभंगा, राघवपुर में ईव्हीएम खराब होने के बाद हंगामा। वोट चोर के नारे लगे।

**पटना में विधानसभा अध्यक्ष की मतदान कर्मी से बहस हुई**

पटना साहिब की बूथ संख्या 238 पर बीजेपी विधायक और स्पीकर नंदकिशोर यादव से मतदान कर्मियों की बहस हो गई। नंद किशोर यादव ने विधानसभा स्पीकर का पहचान पत्र दिखाया था लेकिन मतदान कर्मी ने उनसे वोटर आई कार्ड मांग लिया। इसी बात पर विधायक नाराज हो गए। बाद में उन्हें वोटर आइकार्ड देना पड़ा। उसके बाद वोट कर पाए।

### छपरा में 150 नाम वोटर लिस्ट से गायब

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज में 18 जिलों की 121 सीटों पर वोटिंग जारी है। शाम 6 बजे तक मतदान होगा। सुबह 11 बजे तक 27.65 फीसदी वोटिंग हुई है। आज की 121 सीटों में 104 सीटों पर सीधा मुकाबला है, जबकि 17 सीटों पर त्रिकोणीय लड़ाई है। बिहार की 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हो रहे हैं। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। छपरा विधानसभा के ब्रह्मपुर मोहल्ले के 150 लोगों का नाम वोटर लिस्ट से गायब है। इसे लेकर, लोगों में आक्रोश हैं। वोटर्स इसे साजिश बता रहे हैं। मतदाताओं ने कहा, बीएलओ की लापरवाही के कारण हम वोट नहीं दे पा रहे हैं। सारे डॉक्यूमेंट देने के बाद भी नाम लिस्ट में नहीं है।

## एसआईआर को लेकर बंगाल में 8वीं आत्महत्या मतुआ समुदाय भूख हड़ताल पर बैठा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी स्क्र (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) को लेकर घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब दक्षिण 24 परगना जिले में एक व्यक्ति ने मतदाता सूची से नाम हटने के डर से आत्महत्या कर ली। मृतक सफीकुल गाजी पिछले कुछ महीनों से भांगड़ में ससुराल में रह रहे थेपरिजनों ने बताया कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होने के बाद दहशत में थे। गाजी को डर था कि उनके पास वैध पहचान पत्र न होने के कारण उन्हें देश से निकाल दिया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस ने इसे स्क्र को लेकर 8वीं आत्महत्या बताया और भाजपा पर भय फैलाने का आरोप लगाया।टीएमसी सांसद ममता बाला ठाकुर के नेतृत्व में मातुआ समुदाय के एक गुट ने बांग्लादेश से आए सभी शरणार्थियों को बिना शर्त नागरिकता देने की मांग पर ठाकुरनगर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। भाजपा नेता शंतनु ठाकुर ने इसे वोट राजनीति बताया, जबकि टीएमसी ष्ट का विरोध जारी रखे हुए है।सीएम पिनाराई विजयन ने घोषणा की कि सरकार एसआईआर प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। भाजपा के सिवाय सभी दलों ने इस कदम का समर्थन किया। विपक्ष नेता वीडी सतीसन ने कहा कि वे भी कोर्ट में सरकार के साथ पक्षकार बनने को तैयार हैं।

## जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी, तापमान गिरा

**जम्मू।** हिमालय के तीन राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी शुरू हो गई है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में गुलमर्ग व्हाइट वंडरलैंड में बन गया है। उत्तराखंड में बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम भी बर्फ से ढक गए हैं। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों लाहौल और स्पीति और किन्नौर, कुल्लू में ताजा बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में गिरावट हुई है। देशभर से लोग बर्फबारी का नजारा देखने पहुंच रहे हैं। ताबो में पारा माइनस 2.2ए, कुकुमसेरी में माइनस 1.8ए नीचे और केलांग में 0.4ए दर्ज किया गया।इधर पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में नजर आने लगा है। दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, झारखंड में ठंडी हवाएं चलने से तापमान में 3ए तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में अगले 3 दिन में ठंड जोर पकड़ लेगी।

# न्यूयॉर्क के निवार्चित मेयर का कनेक्शन वोट जिहाद से मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित ने इस मामले पर किया पलटवार

**न्यूयॉर्क सिटी 06 नवंबर [एजेंसी]।**

अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी के मेयर चुनाव में 34 वर्षीय जोहरान ममदानी ने जीत दर्ज कर ली है। इस जीत के साथ वे न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम और पहले भारतीय-अमेरिकी मेयर होंगे। ऐसे में अब उनकी जीत को लेकर भारत में भी बयानाजी तेजी होती दिख रही है। कारण है कि जोहरान ममदानी की ऐतिहासिक जीत अब मुंबई की राजनीति में भी चर्चा का विषय बन गई है।

जहां मुंबई भाजपा अध्यक्ष और अंधेरी पश्चिम से विधायक अमीत साटम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि हम किसी खान को मुंबई का मेयर नहीं बनने देंगे। साटम ने इसे 'वोट जिहाद' करार दिया और आरोप लगाया कि न्यूयॉर्क की तरह मुंबई में भी तुष्टिकरण की राजनीति लाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सत्ता में बने रहने के लिए तुष्टीकरण की राह अपना रहे हैं। हमें मुंबई को ऐसी ताकतों से बचाना होगा



जो समाज को बांटने की कोशिश करती हैं। इस दौरान साटम ने कहा कि वे धार्मिक सद्भाव में विश्वास रखते हैं, लेकिन अगर कोई देशविरोधी सोच से समाज को बांटने की कोशिश करेगा, तो भाजपा उसका विरोध करेगी। बता दें कि ममदानी, भारतीय फिल्ममेकर मीरा नायर और भारतीय मूल के विद्वान मह्मूद ममदानी के बेटे हैं।उन्होंने न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो और रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा को हराकर यह जीत हासिल की। उनकी जीत को प्रगतिशील राजनीति की वापसी माना जा रहा है, जिसमें मुफ्त चाइल्डकेयर, किराया नियंत्रण और मुफ्त बस सेवा जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। हालांकि, अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में दक्षिणपंथी समूह इसे स्थानीय बनाम बाहरी की बहस के रूप में देख रहे हैं। ऐसे में मुंबई में भी आने वाले बीएमसी चुनावों में यही मुद्दा गूंजने की संभावना है। मनसे और शिवसेना पहले ही मराठी बनाम बाहरी राजनीति के लिए जानी जाती रही हैं, और अब भाजपा नेता साटम के बयान से साफ है कि पार्टी भी इसी रणनीति को आगे बढ़ा सकती है। साटम ने साफ-साफ कहा कि हम मुंबई के विकास और एकता के लिए प्रतिबद्ध हैं। शहर में वंदे मातरम कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और हर नागरिक को इसे गर्व से कहना चाहिए। मुंबई की सांस्कृतिक पहचान से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मोबाइल शॉप में 25 लाख की चोरी

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर शहर में चोरों के हौसले बुलंद हैं. कोतवाली थाना क्षेत्र के गुदरी चौक में स्थित गोलू मोबाइल दुकान पर शातिर चोरों ने रात के अंधेरे में धावा बोल दिया. दुकान की पिछली दीवार में छेद करके चोर अंदर घुसे और लगभग 25 लाख रुपये के कीमती मोबाइल फोन व नकदी लेकर रफूचक्कर हो गए. चोरों ने दुकान की पीछे की दीवार में बड़ा सा छेद किया. अंदर घुसकर शोरूम के शीशे तोड़े और महंगे स्मार्टफोन व कैश काउंटर खंगाला. पूरी वारदात सीसीटीवी की नजर से बचकर अंजाम दी गई. पुलिस हरकत में सुबह दुकान मालिक को चोरी का पता चला तो हड़कंप मच गया.सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद साइबर सेल की टीम फुटेज खंगाल रही है।

# असम में बड़े किडनी तस्कर गिरोह का खुलासा

## नशेड़ियों को कोलकाता ले जाकर निकाल लेते थे किडनी

**दिसपुर 06 नवंबर [एजेंसी]।**

असम के नगांव शहर का छोटा सा गांव कैवर्ता 2200 की आबादी। यहां आप जिससे भी मिलेंगे, वो अपनी एक किडनी की कहानी सुनाने लगेगा। गांव के 40 प्रतिशत लोगों के शरीर में सिर्फ एक ही किडनी है।दरअसल, नशे की लत और आर्थिक बदहाली के चलते ये लोग अपनी एक किडनी बेच चुके हैं। इनकी हालत देखकर दलाल इनसे संपर्क करते। फिर कोलकाता ले जाते, जहां ऑपरेशन के बाद इनकी एक किडनी निकाल ली जाती। पुलिस ने गरीबों की किडनी लेने का रैकेट चलाने वाले 3 तस्करों धरनी दास, महेंद्र दास और दीपदास को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों यह रैकेट लंबे समय से चला रहे थे।

यह मामला गांव में अवैध शराब और नशीली दवाओं के खिलाफ हुई जागरूकता बैठक के दौरान सामने आया था। गांव में 20प्रतिशत लोग नौकरी तो 10 प्रतिशत खेतीबाड़ी करते हैं। बाकी बेरोजगार ही हैं। उस जागरूकता बैठक में पता चला कि सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने के बावजूद गांव वाले आर्थिक बदहाली से त्रस्त थे, इसलिए वे 3 से 6 लाख रुपए में दलालों से किडनी का सौदा कर लेते थे.एक अन्य पीड़ित ने बताया कि हम लोगों को मेडिकल जांच के नाम पर कोलकाता ले गए थे। फिर बेहोश करके किडनी निकाल ली। हमें महीनों बाद इसका पता चला। आज हम जैसे कई पीड़ित बीमार पड़े हैं। गांव के भीतर यह अब 'खुला रहस्य' बन चुका है। इसके बारे में हर कोई जानता है, लेकिन कोई बोलता नहीं। ग्रामीण ने बताया कि गांव की कुछ शादीशुदा महिलाएं जब ससुराल छोड़कर मायके चली गईं, तो ऐसे पुरुषों को दलालों ने भावनात्मक रूप से गिरफ्त में लिया। फिर कमीशन और रोजगार का लालच देकर उन्हें किडनी बेचने के लिए राजी किया। लॉकडाउन के दौरान मोरीगांव जिले के दक्षिण धरमतुल में भी ऐसा ही एक अंग व्यापार रैकेट पकड़ा गया था। उस मामले में 20 गरीब लोग फंसाए गए थे। गुवाहाटी की लिलीमाई बड़ा नाम की एक महिला को मुख्य सरगना के रूप में गिरफ्तार किया गया था। 2021 में भी नगांव के हूज गांव के दीपक सिंह को 'गार्ड की नौकरी' का लालच देकर कोलकाता ले जाया गया था। वहां मेडिकल टेस्ट के नाम पर उसकी किडनी निकालने की साजिश रची गई, लेकिन दीपक को शक हुआ और वह भाग निकला।

## कुशीनगर में एनएच पर बीयर से भरा ट्रक पलटा, लूटने की होड़

**कुशीनगर 06नवंबर [एजेंसी]।**

कुशीनगर में नेशनल हाईवे पर बीयर की केन लेकर जा ट्रक पलटने से हड़कंप मच गया। इस दौरान आसपास मौजूद लोग बीयर लूटने की कोशिश करने लगे, लेकिन खाली डिब्बे ही हाथ लगे। ऐसे में कई लोगों को निराश लौटना पड़ा। इस दौरान कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई।दरअसल, ट्रक हरियाणा से बीयर की खाली केन लेकर भूटान निकला था, लेकिन सरकारी पौधशाला के पास खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से ट्रक का पिछला हिस्सा टकरा गया। उसके बाद ट्रक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराया गया और दूसरे लेन में पलट गया। उसके बाद नेशनल हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम लग गया। उसके बाद बीयर की खाली केन सड़क पर बिखर गई। लोगों ने इसको देखा, तो लूटने की होड़



मच गई, लेकिन जब पता चला कि यह खाली हैं, तो सभी निराश हो गए।हरियाणा के चालक इस्लाम ने जानकारी दी कि मुझे गोरखपुर में नींद आने लगी थी। मैंने ट्रक अपने साथी चालक खलासी को दे दी थी। वह हादसे के बाद भाग गया। हमारी किस्मत अच्छी थी कि दूसरी लेन पर कोई वाहन नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा नहीं हुआ। चौकी प्रभारी ब्रह्म कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# यह न्याय का मंदिर है, कोई 7 स्टार होटल नहीं...

**नईदिल्ली 06नवंबर [एजेंसी]।**

भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने बुधवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुंबई में बनने वाले नए बॉम्बे उच्च न्यायालय परिसर में फिजूलखर्ची नहीं होनी चाहिए और यह न्याय का मंदिर होना चाहिए, न कि सात सितारा होटल।

दरअसल, वह बांद्रा (पूर्व) में परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि नई इमारत किसी शाही ढांचे का चित्रण नहीं होनी चाहिए, बल्कि संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप होनी चाहिए। सीजेआई ने अपने संबोधन के दौरान सुझाव दिया कि नए परिसर में फिजूलखर्ची नहीं होनी चाहिए और कहा कि न्यायाधीश अब सामंती प्रभु नहीं रहे क्योंकि उनकी नियुक्ति आम नागरिकों की सेवा के लिए होती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि कुछ अखबारों में पढ़ा कि नई इमारत बहुत फिजूलखर्ची वाली है। इसमें दो न्यायाधीशों के लिए लिफ्ट साझा करने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश अब सामंती प्रभु नहीं रहे।



न्यायाधीश उच्च न्यायालय, निचली अदालत या सर्वोच्च न्यायालय का हो सकता है। सीजेआई ने कहा कि न्यायालय भवनों की योजना बनाते समय, हम न्यायाधीशों की ज़रूरतों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि हम नागरिकों, यानी वादियों की जरूरतों के लिए मौजूद हैं। सीजेआई ने कहा कि यह भवन न्याय का मंदिर होना चाहिए, न कि सात सितारा होटल। 14 मई 2025 को पदभार ग्रहण करने वाले मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 24 नवंबर को शीर्ष न्यायिक पद छोड़ने से पहले यह उनकी महाराष्ट्र की आखिरी यात्रा थी और उन्होंने कहा कि वह अपने गृह राज्य में न्यायिक बुनियादी ढांचे से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि पहले मैं इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने से हिचकिचा रहा था। लेकिन अब मैं कृतज्ञता का अनुभव कर रहा हूं कि एक न्यायाधीश के रूप में जिसने कभी बॉम्बे उच्च न्यायालय में अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया था, मैं पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ न्यायालय भवन की आधारशिला रखकर अपना कार्यकाल समाप्त कर रहा हूं। न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका को समाज को न्याय प्रदान करने के लिए संविधान के तहत काम करना चाहिए।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## फिलीपींस में तूफान कालमेगी ने मचाई तबाही, 241 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** फिलीपींस में आए तूफान कालमेगी का तांडव देखने को मिला है। तूफान और बारिश के कारण भारी जान-माल का नुकसान हुआ है। 130 किमी/घंटा की रफ्तार वाली हवाओं ने कई घर उजाड़ दिए। तूफान के कारण अब तक 241 लोगों की मौत हो गई है। आपदा एजेंसी ने गुरुवार को बताया कि मध्य क्षेत्रों में तबाही मचाने वाले इस तूफान ने वियतनाम की ओर बढ़ते हुए फिर से ताकत हासिल कर ली है। वियतनाम के जिया लाई प्रांत में, अधिकारियों ने भारी बारिश और विनाशकारी हवाओं की चेतावनी दी है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ सकती है और कृषि गतिविधियां बाधित हो सकती हैं। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने गुरुवार को आपातकाल की घोषणा कर दी।

# पहले पांच, फिर सात और अब आठ विमानों के मार गिराने का दावा, भारत-पाक संघर्ष पर ट्रंप ने फिर लगाई पुरानी रट

**नईदिल्ली 06नवंबर [एजेंसी]।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मई में जो शांति बनी, वह उनकी कड़ी चेतावनी के कारण ही संभव हो सकी. ट्रंप ने कहा कि उन्होंने दोनों पड़ोसी देशों को साफ संदेश दिया था. अगर वे आपसी टकराव नहीं रोकेंगे, तो अमेरिका उनसे कोई भी व्यापारिक समझौता नहीं करेगा

मियामी में आयोजित अमेरिका बिजनेस फोरम के दौरान ट्रंप ने कहा, मैं भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ ट्रेड डील की बातचीत कर रहा था. तभी मुझे खबर मिली कि दोनों देशों के बीच युद्ध जैसी स्थिति बन गई है. सात विमान गिर चुके हैं, आठवां भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त है. तब मैंने कहा, अगर तुम लोग लड़ाई करोगे, तो मैं किसी से व्यापार नहीं करूंगा. ट्रंप ने मजाकिया लहजे में कहा कि यह सब उनके टैरिफ नीति की वजह से हुआ. उन्होंने आगे कहा, मैंने उन्हें समझाया कि दोनों परमाणु शक्ति वाले देश हैं, युद्ध के बजाय व्यापार बेहतर है. अगले ही दिन मुझे फोन आया कि दोनों देशों ने युद्धविराम पर सहमति बना ली है. मैंने कहा- बढ़िया, अब बिजनेस करो.यह पहला मौका नहीं है जब ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष में खुद को शांति-दूत बताया हो. रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने पिछले छह महीनों में 60 से अधिक बार यह दावा दोहराया है कि उनकी वजह से दोनों देशों में तनाव कम हुआ. हालांकि भारत ने इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि कोई तीसरा देश उसके द्विपक्षीय मामलों में शामिल नहीं है.मई से पहले भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था, जो जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में था. इस मिशन के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया. चार दिन चली यह कार्रवाई 10 मई को समाप्त हुई, जब दोनों देशों ने संघर्षविराम का ऐलान किया.ट्रंप ने आगे कहा कि उन्होंने न सिर्फ भारत-पाकिस्तान बल्कि कई दूसरे देशों के बीच चल रहे पुराने विवाद भी खत्म कराए हैं. कोसोवो-सेर्बिया, कांगो-रवांडा, आर्मेनिया-अजरबैजान. ऐसे कई झगड़े जो दशकों से चल रहे थे, मैंने एक घंटे में सुलझा दिए. उन्होंने कहा कि अमेरिका ताकत के बल पर शांति कायम कर रहा है और अब कोई देश अमेरिका से टकराना नहीं चाहता।





## तहसील साहू संघ कोसाबाडी ने 21हजार रुपए की दी सहायता राशि

### मदद की समाजसेवी लोगों से अपील

**कोरबा ।** कोरबा बुधवारी बस्ती निवासी किरण साहू दीपावली के दिन आज में बुरी तरह से झुलस गई थी ।जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। आर्थिक स्थिति खराब होने पर पीड़िता ने जिला साहू संघ से मदद मांगी है ।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसील साहू संघ कोसाबाडी सामने आया, और तहसील संघ के द्वारा 21हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई ।तहसील अध्यक्ष पालूराम साहू ने बताया कि किरण साहू की माली हालत ठीक नहीं है जिसे देखते हुए सहयोग राशि प्रदान की गई है। और जो भी समाजसेवी लोग किरण की मदद के लिए सामने आते हैं उनको दिल से आभार ।इस मौके पर रामकृष्ण साहू, दाताराम साहू, बलराम साहू, चितरंजन साहू ,गिरधारी लाल साहू, रामलाल, नैनदास , सुमन साहू , सहित साहू समाज के सदस्यों की उपस्थिति



## आम आदमी पार्टी ने बिलासपुर रेल हादसे में मृतको को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

कोरबा। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक भीषण रेल दुर्घटना हुई, जिसमें जान-माल का काफी नुकसान हुआ है। उक्त हादसा मंगलवार शाम (लगभग 4 बजे) को ग्राम गतौरा और बिलासपुर रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। गेवरा रोड से बिलासपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन (मेमू लोकल) पीछे से एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में मरने वालों की संख्या 11 बताई जा रही हैं। मरने वालों में यात्री ट्रेन के लोको पायलट (चालक) विद्यासागर भी शामिल हैं। इस दुर्घटना में 20 से अधिक यात्री घायल बताये जा रहे हैं।

इस घटना को लेकर ने आम आदमी पार्टी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों को कैंडल जलाकर

श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कोरबा जिलाध्यक्ष रिचर्ड डेविड लोगन ने रेल दुर्घटना को रेलवे और राज्य केंद्र मे बैठी भाजपा सरकार को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को एक करोड़ व घायलों की परिवार को 15 लाख रुपये राशि प्रदान करने मांग की हैं। घंटाघर मे आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे प्रदेश संगठन मंत्री आनंद सिंह, प्रदेश संयुक्त सचिव प्रतिमा सिन्हा, लोकसभा सचिव शत्रुघन साहू, जिला अध्यक्ष रिचर्ड लोगन, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, आजाद बख्श, विद्या यादव, श्रीमती स्लोगन वामन वडोदकर व सोमराज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आम जनता उपस्थित रहे।

## बिजली दर वृद्धि के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**कोरबा ।** कोरबा जिले में आम आदमी पार्टी (आप) ने बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ बालको स्थित रामलीला मैदान में विशाल धरना प्रदर्शन किया। पार्टी ने कोरबा जिला कलेक्टर/एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें बढ़ी हुई बिजली दरों को वापस लेने मांग की गई।

आप के जिलाध्यक्ष रिचर्ड डेविड ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानियों को नजर अंदाज कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर गलत आंकड़े पेश कर रही है और निजी उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए भ्रष्टाचार कर रही है।

श्री डेविड ने सवाल उठाया कि छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य होने के बावजूद बिजली महंगी क्यों की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि सरकार 15-20% लाइन लॉस बताती है, जबकि यह 3% से अधिक नहीं होता। साथ ही, बड़े व्यापारियों और नेताओं के करोड़ों रुपए के बिजली बिल बकाया होने के बावजूद उनसे वसूली नहीं की जा रही, बल्कि गरीब जनता को परेशान किया जा रहा है।

आप के प्रदेश संगठन मंत्री आनंद सिंह ने बताया कि पार्टी लगातार इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन कर रही है और लोगों का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। रिचर्ड डेविड ने यह भी कहा कि यह आंदोलन अभी शुरुआत है और इसे प्रदेश स्तर पर बृहद रूप दिया जाएगा।



## राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने पर छात्रों ने निकाली रैली

**कोरबा ।** तरदा के वात्सल्य पब्लिक स्कूल के छात्रों ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने पर रैली निकाली। रजत जयंती वर्ष में रैली में शामिल स्कूल के छात्र-छात्राएं पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। गांव के सार्वजनिक मंच पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। सरपंच गायत्री सिदार ने छात्रों की प्रतिभा को सराहा। अंत में स्कूल की प्राचार्य इंजीनियर करूणा सिंह राजवाड़े ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सहयोगियों का आभार जताया।

# एचटीपीएस के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी गई बिदाई



**कोरबा ।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम से अक्टूबर माह में मुख्य अभियंता प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, अनुभाग अधिकारी शिवकुमार जायसवाल, वरिष्ठ पर्यवेक्षक नीलकंठ साहू, राम विलास साहू और कनिष्ठ पर्यवेक्षक प्रमोद कुमार कैवर्त्य सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हो रहे मुख्य अभियंता एवं कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) एचके. सिंह ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया। मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) एचके सिंह के हाथों सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव एवं कर्मचारियों को स्मृतिचिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके. गुप्ता, पीके. स्वैन, आरके. पांडे, केएनबी. राव, सुधीर पंड्या, एससी. पाठक और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके. कुरनाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। रविंद्र सांस्कृतिक भवन (सीनियर क्लब) में आयोजित दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में मुख्य अभियंता श्री सिंह एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव एवं कर्मचारियों द्वारा अपने 37 से 40 वर्ष के दीर्घ कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया गया। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र साहू एवं आभार प्रदर्शन जीडी बर्वे द्वारा किया गया। दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में डीएसपीएम के मुख्य अभियंता संजीव कंसल, मुख्यालय रायपुर से मुख्य अभियंता सुभाष शर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आयुष्मान ठाकर, आशुतोष देवांगन, अधीक्षण अभियंता प्रशांत बापट समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्तों के परिजन उपस्थित रहे।

### टीम की जांच हुई पूरी

## चिकित्सक व कर्मचारियो पर एफआईआर दर्ज,गैर इरादतन हत्या का मामला

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत सिविल लाईन रामपुर में एक मरीज की मृत्यु के मामले में जे.के. अस्पताल के संचालक चिकित्सक सहित अन्य के विरुद्ध थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है। वर्तमान थाना सिविल लाईन रामपुर में तत्कालीन चौकी रामपुर थाना सिटी कोतवाली में दर्ज मर्ग क्र. 39/2022 धारा 174 जा.फौ. की जांच पर यह एफआईआर दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार मरीज निवासी ग्राम करनौद थाना बम्हनीडीह, जिला जाजंगीर-चांपा को ईलाज हेतु 13 मार्च 2022 को शाम 5 बजे जे.के. अस्पताल आईटीआई रामपुर कोरबा में भर्ती कराया गया था। यहां कुछ देर बाद 5:32 बजे मरीज की मृत्यु हो गई। जे.के. अस्पताल के संचालक चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारियो के द्वारा लापरवाही पूर्वक ईलाज करने से मृत्यु होने का आरोप लगाते हुए परिजन शव लेने से इंकार कर दिया गया। रात 10:20 बजे एक कर्मचारी ने रामपुर चौकी में आवेदन दिया।

टीम गठित कर जांच कराई गई

पुलिस ने पंचानों एवं परिजनों के बयान दर्ज किए। मामला गर्माने पर जिला अस्पताल कोरबा के द्वारा जांच हेतु टीम गठित की गई। टीम द्वारा मृत्यु लापरवाही पूर्वक ईलाज करने से होना बताया गया। इस टीम में डॉ. श्रीमती सी.के. सिंह (डीएचओ), डॉ. कुमार पुष्पेश (डीएमओ), डॉ. अतिक सिद्धकी (न.ओ. एनएचए) शामिल थे। टीम द्वारा जे.के. अस्पताल के चिकित्सक द्वारा लापरवाही पूर्वक ईलाज करने से मृत होना बताया गया। मर्ग जांच में यह रिपोर्ट मिलने उपरांत जिला लोक अभियोजन अधिकारी कोरबा से पुलिस द्वारा विधिक राय ली गयी। अंत में मरीज की मृत्यु मामले में चिकित्सक सहित अन्य कर्मचारियो के विरुद्ध धारा 304-, 34- के तहत जुर्म दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## 9 नवंबर को समर्थगुरु धारा मैत्री संघ कोरबा द्वारा आयोजित किया जा रहा एक दिवसीय ध्यान, योग एवं सत्संग

**कोरबा ।** कोरबा नगर एक बार फिर समर्थगुरु धारा मैत्री संघ कोरबा उपलब्ध कराने जा रहा है। मिशन रोड कोरबा स्थित कल्चुरी जायसवाल भवन में 9 नवंबर को प्रात: 9 बजे से शाम 4 बजे तक एक दिवसीय ध्यान, योग एवं सत्संग का आयोजन किया जा रहा है।

समर्थगुरु धारा मैत्री संघ कोरबा के जिला संयोजक प्रशांत विश्वकर्मा, द्वारा बताया गया कि इस शिविर में लोग तनाव मुक्त जीवन जीने की कला और आत्मिक शांति तथा आनंदित जीवन जीने के बारे में जान सकेंगे। समर्थगुरु देव ने कहा है कि परमात्मा को मंगलमय जानते हुए स्वधर्म का पालन करें। अर्थात परमात्मा मंगलमय है और जो भी जीवन में प्रतिकूल घटता है उसके प्रति स्वीकार भाव में जीना ही जीवन को आनंदित बनाता है।

उक्त शिविर में स्वल्पाहार और दोपहर भोज की व्यवस्था भी साधकों के लिए किया गया है। आज के भागदौड़ भरी जीवन शैली, सोशल मीडिया के एडिक्शन आदि के कारण मन हमेशा तनाव और नकारात्मक से भर गया है, और यही बाद में जीवन में हिंसा और डिप्रेशन का रूप ले लेता है। क्योंकि हम सिर्फ अपने शरीर का ही ख्याल रखते हैं और मन को प्रसन्न रखने के लिए जो भी करते हैं वो बाद में दुख और अवसाद का कारण बनता है। क्योंकि मन और आत्मा का भोजन ध्यान है। मन केवल ध्यान के माध्यम से ही आनंदित हो सकता है ।कोरबा शहरवासियों को अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया हैं। कोरबा में ध्यान केंद्र का संचालन किया जा रहा है जिसमें प्रत्यक रविवार को ध्यान, योग और सत्संग किया जाता है। जिसमें सभी शामिल हो सकते हैं ।उक्त शिविर में परम गुरू ओशो एवं समर्थगुरू देव के मार्गदर्शन में पेंड्रा से आचार्य संतोष चंद्रा एवं बिलासपुर से आचार्य मां वंदना सिंह द्वारा साधकों को ध्यान, योग एवं सत्संग सीखाया जाएगा, जिससे व्यक्ति अपने भीतर गहराईयों में जाकर अपने मन में शांति एवं आनंद का अनुभव कर सकता है। पूर्व में होटल टॉप इन टाउन में एक दिवसीय ध्यान सत्संग का सफल आयोजन हुआ था, जिसमें कोरबा के 116 साधक शामिल हुए थे। शिविर मे भाग लेने वाले सहभागी अग्रिम बुकिंग करा सकते है।

## इंदिरा का जीवन गरीबों को समर्पित था: प्रसाद



**कोरबा ।** प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम कोरबा के शक्ति स्थल व स्टेडियम परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेस नेताओं ने माल्यार्पण कर नमन किया। उनकी पुण्यतिथि को कांग्रेसजनों ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन गरीबों व श्रमिकों के कल्याण के लिए समर्पित रहा। वे राष्ट्रीय एकता और अखंडता की प्रतीक थीं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने बताया कि इंदिरा गांधी ने देश की प्रगति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू कीं, जिनका लाभ आज भी देश को मिल रहा है। निगम के पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि महिलाओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री रहते अनेक साहसिक निर्णय लिए। प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह ने कहा कि उनकी दूरदर्शिता आज भी देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नारायण लाल कुर्रे ने उन्हें अपार साहस और निर्णय शक्ति की प्रतिमूर्ति बताया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव बीएन सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, ओबीसी विभाग के अध्यक्ष गजानंद साहू, अधिवक्ता एनके राजवाड़े, मुकेश राठौर, सपना चौहान, संतोष राठौर, बसंत चंद्रा मौजूद रहे।

## जनसंपर्क विभाग कोरबा को मिला प्रथम स्थान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष में जनसंपर्क विभाग कोरबा ने अपने उत्कृष्ट कार्य और नवाचारों के दम पर प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त कर कोरबा का नाम रोशन किया है। राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकासपरक कार्यक्रमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार में कोरबा जिले के जनसंपर्क कार्यालय ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

राज्य स्तर पर संचालनालय से प्राप्त रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया कि कोरबा जिले ने 'सक्सेस स्टोरी' (सफलता की कहानियों का प्रसार) और 'जियोग्राफिकल कवरेज' (भौगोलिक कवरेज) के क्षेत्र में अन्य जिलों की तुलना में दोगुनी उपलब्धि दर्ज की है।इस उपलब्धि के लिए जनसंपर्क आयुक्त श्री रवि मित्तल ने जिला जनसंपर्क कार्यालय कोरबा की सराहना की और जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री कमलज्योति को प्रशस्ति पत्र प्रेषित किया।

राज्य स्तरीय अधिकारियों ने कहा कि कोरबा जनसंपर्क टीम ने जिस तत्परता, नवाचार और समर्पण के साथ शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया है, वह अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विभाग ने सामाजिक मीडिया, डिजिटल माध्यमों, वीडियोग्राफिक रिपोर्टिंग, और स्थानीय समाचार प्रसार के माध्यम से योजनाओं को आम जनता तक सशक्त रूप में पहुँचाया।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के दौरान कोरबा जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रस्तुत 'सफलता की कहानियों' ने शासन की लोकहितकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत को उजागर किया और लाभार्थियों की प्रेरक कहानियों को सामने लाया।

ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी पहुँचाने के लिए विभाग ने इनोवेटिव कम्युनिकेशन मॉडल अपनाए, जिससे प्रशासन और जनता के बीच मजबूत संवाद स्थापित हुआ।

जनसंपर्क आयुक्त श्री रवि मित्तल ने कहा कि कोरबा जनसंपर्क विभाग का यह प्रदर्शन राज्य में उत्कृष्ट प्रशासनिक संचार का उदाहरण है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी और अन्य जिलों को कोरबा मॉडल से सीख लेने की सलाह दी।

# निगम के दो उप अभियंता निंलबित

**कोरबा ।** नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने त्वरित एक्शन लेते हुए काऊकेचर में जनप्रतिनिधियों के कटआउट का परिवहन कर जनप्रतिनिधियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने व कार्य के प्रति घोर लापरवाही करने के आरोप में वाले निगम के 02 उप अभियंताओं अश्वनी दास व अभय मिंज तथा स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने यह कार्यवाही कर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों को भी कड़ा संदेश दिया है कि जनप्रतिनिधियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी कृत्य को क्षमा नहीं किया जाएगा तथा इस पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित होगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर घंटाघर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन थियेटर स्थित मैदान में 02 से 04 नवंबर तक आयोजित हुए राज्योत्सव हेतु कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के कटआउट लगाए जाने थे। निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह से इन कटआउटों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने हेतु काऊकेचर वाहन का उपयोग संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। मामला प्रकाश में आने पर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया।

चूंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रायपुर प्रवास व राज्योत्सव कार्यक्रम में शासन द्वारा सौपे गए दायित्वों के निर्वहन हेतु आयुक्त श्री पाण्डेय तत्समय रायपुर में ड्यूटीरत थे। किन्तु प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए उन्होने निगम के अपर आयुक्त को निर्देशित किया कि वे तत्काल संबंधित जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करें। निर्देश के परिपालन में अपर आयुक्त द्वारा नोटिस जारी कर संबंधितों से जवाब मांगा गया, उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद न होने, कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही प्रदर्शित करने तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन मानते हुए आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने जिम्मेदार उप अभियंता अश्वनी दास व अभय मिंज तथा स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।आयुक्त श्री पाण्डेय ने यह कार्यवाही कर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों को भी कड़ा संदेश दिया है कि जनप्रतिनिधियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले तथा कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही प्रदर्शित करने वाले किसी भी कृत्य को क्षमा नहीं किया जा सकता तथा ऐसे किसी कृत्य पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित होगी।

## योद्धा ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**कोरबा।** 29 से 31 अक्टूबर तक गांधी सभा गृह म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड, राजनांदगांव में नर्तन फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता एवं फेस्टिवल महोत्सव 'कृष्णा की-2025' में डीपीएस बाल्को की कक्षा चौथी की छात्रा योद्धा पर्वतम ने अपनी उत्कृष्ट कथक नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया ।योद्धा ने अपनी नृत्य प्रतिभा और भावपूर्ण अभिव्यक्ति से मंच पर ऐसा जादू बिखेरा कि उन्हें 'कृष्णा की नृत्य रत्न सम्मान' से नवाजा गया।

## विकास और सांस्कृतिक विरासत के शानदार संगम के साक्षी बना राज्योत्सव 2025



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर के ह्रदय स्थल डॉ. भीमराव अम्बेडकर ओपन ऑडिटोरियम कोरबा मे 3 दिवसीय राज्योत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने राज्योत्सव 2025 के समापन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हुआ है। हमारा प्रदेश बुलंदियों की नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। उन्होनें राज्य निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी के योगदान को याद करते हुए कहा कि 25 वर्ष पूर्व उनके सहयोग से राज्य का निर्माण हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में राज्य का तीव्र गति से विकास हो रहा है। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में गरीब, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं सहित सभी वर्ग के हित के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। सभी वर्गों के लोग इसका लाभ उठा रहे हैं और राज्य के विकास में अपना अहम योगदान भी दे रहे हैं। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राज्योत्सव पर राज्य को अनेकों विकास कार्यो की सौगात दी है। उनके द्वारा नए विधान सभा भवन का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने विकास कार्यो के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि राज्य में मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार बनते ही प्रदेश में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास हेतु राशि जारी की गई है। किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल एवं 21 क्विंटल प्रति एकड़ के दर से धान की खरीदी की जा रही है। तेंदूपत्ता संग्रहण 5500 रूपए मानक बोरा कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जिला खनिज संस्थान न्यास का सदुपयोग जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु किया जा रहा है। जिससे जिला में भी विकास कार्य तेजी से हो रहा है। उन्होंने आमजनो को योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए राज्योत्सव स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में जाकर विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास में नागरिकों को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करते हुए सभी को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय एवं कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन के निर्देशन में जिले में शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।



# पार्षद नरेंद्र देवांगन हुए गौरी-गौरा पूजन में सम्मिलित

## प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की करी कामना

**कोरबा ।** स्थानीय मानस नगर, जेलगाँव बस्ती एवं बालकों चेक-पोस्ट, बेलगिरी बस्ती में आयोजित गौरी-गौरा पूजन कार्यक्रम में नगर निगम कोरबा के पार्षद एवं जिला महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा कोरबा नरेंद्र देवांगन ने सम्मिलित होकर भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की प्रतिमूर्ति का श्रद्धा एवं भक्ति भाव से पूजन-अर्चन किया।

इस अवसर पर श्री देवांगन ने समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि 'गौरी-गौरा पूजन हमारे समाज की एक प्राचीन परंपरा है, जो पारिवारिक एकता, सामाजिक सद्भाव और लोकसंस्कृति के संरक्षण का प्रतीक है।' उक्त कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सरोज शांडिल्य, पार्षद तरुण राठौर, पार्षद रामकुमार साहू, शाला प्रबंधन समिति सदस्य लक्ष्य चतुर्वेदी तथा आयोजन में सक्रिय सहयोग देने वाले अंकित, अमित, सूरज, विक्की, गौरव, दुर्गेश, राजेश, सुधीर, अनुज, मोहन, पराग, हरि, मनीष, वासुदेव, सागर, शुभम, शिवम, नितेश, अजय, राजकुमार, राम, यशवंत, सूरज, गौतम, सोनू, हिमांशु, यशुभ, दिलीप, आकाश, राकेश, टुकेश्वर, नवल, समीर, राधे, संतोष, सुनील, तुलसी, राधे श्याम भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में मनोज अग्रवाल, ओम यादव, सौरभ, मोंटू राजपूत, कुश यादव, भुनेश्वर दुबे, अवध गबेल, राजकुमार श्रीवास, राजा कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# गिरने लगा पारा, कंपकंपाने वाली ठंड माह के अंत में



**जांजगीर।** अब सुबह की धूप धीमी पड़ने लगी है और रात की हवा में सिहरन घुल रही है। ठिठुरने वाली ठंड नवंबर के अंतिम सप्ताह में महसूस की जाएगी।

इसी दौर में तापमान अचानक सामान्य से नीचे जाने लगता है। रिकॉर्ड बताते हैं कि 2016 में 23 नवंबर को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तक पहुंच गया था, वहीं बीते साल 27 नवंबर को पारा 12 डिग्री तक गिरा था। मोंथा और पश्चिमी विक्षोभ ने अक्टूबर के मौसम को प्रभावित किया। शहर और जिले में ठंड की शुरुआत होनी चाहिए थी, तब आसमान बदली और बारिश से घिरा रहा। लगभग एक सप्ताह तक लगातार बादल छाए रहे, जिसके कारण रात का तापमान गिरने के बजाय बढ़ गया। लेकिन अब ग्रामीण इलाकों में सुबह के समय अब हल्की धुंध देखने को मिल रही है। खेतों और पेड़ों के ऊपर ओस की परत नजर आ रही है।

मौसम विभाग का कहना है कि जैसे-जैसे हवा का रुख बदलेगा, वैसे-वैसे धुंध और कोहरा भी बढ़ेगा, जिससे दृश्यता पर असर पड़ सकता है। सुबह की धुंध अब दिन भर टिकने लगी है, हाथों की गरमाहट कपों से टकराने लगी है। राहों पर चलते कदमों की आवाज़ मुलायम है, सर्दी अपनी दस्तक अब स्पष्ट कर रही है। इस साल अक्टूबर में सक्रिय हुए मोंथा और पश्चिमी विक्षोभ ने ठंड की शुरुआत को प्रभावित किया। सामान्य तौर पर अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े तक रातें ठंडी होने लगती हैं और सुबह हल्की सर्द हवाएं महसूस होती हैं, लेकिन इस बार मौसम में नमी और बदली छाई रही। लगातार एक सप्ताह तक बादल और हल्की वर्षा ने तापमान को गिरने से रोक दिया। अक्टूबर के तीसरे सप्ताह से लेकर नवंबर के पहले सप्ताह तक बादल छाए रहे। इससे रात का तापमान 24 डिग्री तक रहा। दिन के समय धूप कमजोर रही, वहीं रात में बदली के कारण धरती की ऊष्मा ऊपर नहीं जा सकी।

**अक्टूबर की बारिश ने बिगाड़ा मौसम का समीकरण**

माह के दूसरे सप्ताह से आसमान साफ, बढ़ेगी ठंड नवंबर के दूसरे सप्ताह से आसमान साफ रहेगा और उत्तर-पूर्वी हवाएं सक्रिय होंगी। इन हवाओं के चलते ठंड धीरे-धीरे बढ़ेगी और नवंबर के अंतिम सप्ताह में पारा तेजी से नीचे गिरेगा। जिले में न्यूनतम तापमान 11 से 13 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है, जबकि अधिकतम तापमान 27 से 29 डिग्री के आसपास रहेगा।

## बंशीधर को मिला काव्य रत्न गौरव सम्मान

**अकलतरा।** नगर के हास्य-व्यंग्य कवि बंशीधर मिश्रा को विश्व हिन्दी परिषद ओडिशा प्रांत इकाई द्वारा काव्य रत्न गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भुवनेश्वर के राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में ओडिशा के राज्यपाल डॉ. कम्भमपति हरि बाबू ने प्रदान किया। कवि मिश्रा को यह सम्मान हिन्दी भाषा में काव्य जगत को अलंकृत करने के लिए दिया गया।



भव्य कार्यक्रम में विश्व हिन्दी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य लक्ष्मी प्रसाद, उपाध्यक्ष देवी मिश्रा, अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, हिन्दी विभागाध्यक्ष राजीव रावत और राज्यसभा सांसद ममता मोहंता उपस्थित रहे। कवि बंशीधर मिश्रा को सम्मानित किए जाने पर नगरवासियों ने शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## परमेश्वरी पब्लिक स्कूल छात्रायों ने बढाया मान - राज्य स्तरीय फूटबाल टीम में बनाया स्थान

**सक्ती।** परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती में अध्ययनरत छात्रा मनीषा धिरहे पिता लच्छीराम धिरहे एवं सोनम देवांगन पिता मुन्ना लाल देवांगन ने 25वीं राज्य स्तरीय



शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाने में कामयाब रही। विद्यालय की दोनों छात्रा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता बालोद में दिनांक - 08.11.2025 से 11.11.2025 तक होने वाले प्रतियोगिता में राज्य की प्रतिनिधित्व करेंगी। छात्राओं के यह उपलब्धि न केवल विद्यालय का नाम बढ़ाती हैं बल्कि पूरे बिलासपुर संभाग और सक्ती ज़िला सहित विकास खंड सक्ती का भी गौरव ऊँचा करती हैं। दोनों छात्रा मेहनत, लगन और अनुशासन से प्राप्त उपलब्धि से आज पूरे प्रदेश में सक्ती का नाम रोशन कर रहें हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि के लिए गर्व का क्षण बताया। विद्यालय प्राचार्य एम विकास देवांगन ने कहा कि मनीषा धिरहे एवं सोनम देवांगन ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया हैं। खेल जैसे क्षेत्र में अनुशासन और सतत अभ्यास ही सफलता की कुंजी हैं। मनीषा धिरहे एवं सोनम देवांगन की सफलता पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं ने बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में ज़िले एवं राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन करने की आशीष दी गई। विद्यालय, क्षेत्र एवं परिवार में खुशी का माहौल हैं ।

## शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष बने रविन्द्र

**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष



रविन्द्र राठौर के निर्वाचित हुए। छत्तीसगढ़ शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव रायपुर के भामासा भवन में चुनाव हुआ। इसमें सभी ब्लाक व जिला के अध्यक्ष ने चुनाव में भाग लिया। इसमें 186 मत में से 183 मतदान हुआ। प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए रविन्द्र राठौर के पक्ष में 116 मत मिला। अजय गुप्ता को 48 मत व अश्वनी कुर्रे 19 मत से संतोष करना पड़ा। वहीं, उपाध्यक्ष देवेद्र हरमुख सचिव राजू टंडन और कोषाध्यक्ष शेषनाथ पांडेय निर्वाचित हुए।



## महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती पर बांटा प्रसाद

**बलौदा।** कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज बलौदा गढ़ ने बुधवार को महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ सदस्यों द्वारा पूजन-अर्चना से हुई। इसके बाद गुप्ता युवा संगठन के तत्वावधान में खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में किशन गुप्ता, दीपक गुप्ता, शिवम गुप्ता, पवन गुप्ता, नीरज गुप्ता, अरविंद गुप्ता, आयुष गुप्ता, विष्णु कुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, बजरंग गुप्ता, शुभांक गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, विष्णु कांत गुप्ता, आशीष गुप्ता सहित अन्य युवाओं का सहयोग रहा।

## 14 मवेशियों की मौत पर एफआईआर दर्ज

**जांजगीर।** ग्राम सलखन गोठान में 14 मवेशियों की रहस्यमयी मौत के मामले में पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृत मवेशियों में 7 गाय और 7 बैल शामिल हैं। घटना क?ा खुलासा 6 अक्टूबर को हुआ था, जब ग्रामीणों ने गोठान परिसर में कई मवेशियों को मृत अवस्था में देखा। सूचना मिलने पर सउनि रामप्रसाद बघेल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गोठान क्षेत्र के भीतर स्थित नवा तालाब के मेड़ के ऊपर और नीचे कुल 14 मवेशी मृत मिले, जबकि 5 मवेशियों के कंकाल और 3 मवेशी घायल अवस्था में पाए गए।

घायल मवेशियों का मौके पर ही इलाज कराया गया। मृत मवेशियों और कंकालों का पंचनामा किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, पशु चिकित्सक, हल्का पटवारी और पुलिस बल मौजूद थे। घटनास्थल का निरीक्षण कर नक्शा तैयार किया गया और मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कराने के लिए तहरीर वरिष्ठ पशु चिकित्सक, जांजगीर को सौंपी गई।



इसके बाद ग्राम पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों की उपस्थिति में मृत मवेशियों का अंतिम संस्कार किया गया। जांच के दौरान सरपंच, पंचायत सदस्यों और गवाहों के बयान दर्ज किए गए, लेकिन मृत्यु के स्पष्ट कारण का पता नहीं चल सका। प्रथम दृष्टया पुलिस ने माना है कि गोठान की देखरेख में लापरवाही बरती गई, जिसके चलते मवेशियों की मृत्यु हुई। इस आधार पर पुलिस ने गोठान संरक्षक के खिलाफ धारा 325 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 11(1)(क) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 21 लाख की ठगी, नागपुर के दंपती गिरफ्तार

**बाराद्वार।** नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले नागपुर निवासी एक दंपती को बाराद्वार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी जनरैल सिंह लोहिया (34) और उसकी पत्नी वैशाली लोहिया (36) पर विश्वास में लेकर एक स्थानीय व्यक्ति से करीब 21 लाख रुपए ठगने का आरोप है।थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि बाराद्वार वार्ड क्रमांक 8 निवासी जयकिशन अग्रवाल ने शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के ससुराल पक्ष से जान-पहचान का फायदा उठाकर आरोपी दंपती ने उन्हें बैंक में अच्छी नौकरी दिलाने का लालच दिया। विश्वासघात करते हुए उन्होंने नगद और बैंक ट्रांजेक्शन के जरिए पीड़ित से करीब 21 लाख रुपए हड़प लिए।

## भारतीय जनता पार्टी का सद्भावना मार्च कल होगा

**जांजगीर।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जांजगीर-चांपा जिले में सद्भावना मार्च का आयोजन 7 नवंबर को सुबह 9 बजे से किया जाएगा। मार्च अटल परिसर राहौद से प्रारंभ होकर मुख्यमार्ग होते हुए धरदेई, लोहर्सी, खरौद होते हुए सत्संग भवन, शिवरीनारायण में समापन होगा। मार्च का नेतृत्व सांसद कमलेश जांगड़े करेंगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य खनिज आयोग के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े उपस्थित रहेंगे। आयोजन में संयोजक नरेंद्र कौशिक और सह-समन्वयक मुकेश जायसवाल एवं सनत देवांगन सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## बिर्रा बसस्टैंड चौक पर सड़क गड्ढों में तब्दील, हादसे का खतरा



**जांजगीर।** बिर्रा बसस्टैंड चौक पर सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे वाहन चालकों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उड़ती धूल और गड्ढों में भरे पानी के कारण न तो सड़क साफ दिखती है और न ही सामने से आने वाले वाहन, जिससे बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल ही में उपमुख्यमंत्री अरुण साव के हसौद आगमन के दौरान विभाग ने आनन-फानन में बसस्टैंड और सड़क मार्ग पर चूरा-डस्ट बिछाकर गड्ढों को अस्थायी रूप से भर दिया था। लेकिन कुछ ही दिनों में वह भी उखड़ गया और सड़क फिर से धूल और गड्ढों में बदल गई।

## राहौद में स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई

**राहौद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राहौद मंडल की स्वामी विवेकानंद संयुक्त विद्यार्थी शाखा के स्वयंसेवकों ने बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सेवा कार्य करते हुए समाज में स्वच्छता का संदेश दिया।

सेवा कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवकों ने राम जानकी मंदिर एवं शिव मंदिर परिसर के आसपास तथा समीपवर्ती तालाब क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई, कचरा संग्रहण और जल स्त्रोतों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। कार्यक्रम में जिगर, जीतू, राजकुमार, मयंक, प्रमोद, गौरव, आकाश, लिकेश, हर्ष, अनय, भूपेंद्र, युवराज, समीर, राहुल, ज्ञान, आयुष, प्रशांत और अमन सहित अनेक स्वयंसेवक सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

सभी स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर श्रमदान करते हुए समाज में स्वच्छता और सेवा भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी सशक्त करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर 'स्वच्छ राहौद, सुंदर राहौद' का संकल्प लिया।



## मुफ्त मनोचिकित्सा व बाल विकास शिविर नैला में 9 को

**जांजगीर।** मानसिक असामान्यता और विलंबित विकास से प्रभावित बच्चों और वयस्कों के उपचार, विकास एवं पुनर्वास के लिए लायंस क्लब जांजगीर नैला द्वारा 9 नवंबर को निशुल्क मनोचिकित्सा एवं बाल विकास शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर मारवाड़ी धर्मशाला नैला में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

शिविर में प्रसिद्ध मनोचिकित्सक एवं पुनर्वास विशेषज्ञ डॉ. ग्रेस कुजूर (कुनकुरी) अपनी टीम के साथ उपस्थित रहेंगी। वे मानसिक, व्यवहारिक और विकास संबंधी समस्याओं से जूझ रहे बच्चों और वयस्कों का परीक्षण करेंगी। उनके पुनर्वास और उपचार के लिए मार्गदर्शन देंगी। शिविर में बौद्धिक अक्षमता, समस्याजनक व्यवहार और मानसिक अविकास से ग्रस्त बच्चों की पहचान, परामर्श और सुधार के लिए प्रशिक्षण भी देंगे।



## संस्कृति, संकल्प और समृद्धि का संगम बन चुका छत्तीसगढ़



**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिले में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का समापन सोमवार को शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्व व आपदा प्रबंधन, खेल और युवा कल्याण मंत्री टेकराम वर्मा रहे।

मंत्री वर्मा ने प्रदेश की 25 वर्ष की विकास यात्रा को गौरवशाली बताते हुए कहा कि अटल जी का सपना आज साकार हुआ है। छत्तीसगढ़ अब संस्कृति, संकल्प और समृद्धि का संगम बन चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गरीब कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है।वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आत्मा उसकी संस्कृति में बसती है और प्रदेश अब नक्सलवाद से लगभग मुक्त होकर शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद कमला देवी पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यालता आनंद मिरी, नगर पालिका अध्यक्ष रेखा देवा गढ़ेवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वर्मा ने अपना छत्तीसगढ़ी गीत मोर भाखा संग दया माया के सुंदर हवे मिलाप रे... गाकर माहौल को लोकसुगंध से भर दिया।

लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ 25 वर्षों की यात्रा में आत्मनिर्भरता और विकास का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य को अलग पहचान दिलाने के लिए अटल जी का योगदान अविस्मरणीय है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास की भावना से प्रदेश में हर वर्ग की खुशहाली सुनिश्चित की जा रही है।

## गुरु नानक जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**अकलतरा।** गुरु नानक देव की 556वीं जयंती पर सिंधी समाज और सिख समाज ने श्रद्धा व उत्साह के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए। सुबह 5 बजे प्रभातफेरी निकाली गई। इसमें गुरु नानक देव के भजनों और कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद गुरुद्वारा से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा शास्त्री चौक, आजाद चौक, कन्या शाला मार्ग, बजरंग चौक, आचार्य विद्यासागर मार्ग, हाई स्कूल मैदान, मस्जिद रोड, भगवान परशुराम मार्ग से होते हुए सिंधी धर्मशाला पहुंची।

धर्मशाला में सुबह 11 बजे गुरु नानक देव की पूजा-अर्चना और गुरुग्रंथ साहिब के आगे भोग लगाया गया। इसके बाद भोग प्रसाद का वितरण किया गया। दोपहर 1 बजे से लंगर का आयोजन हुआ।

## जांजगीर-चांपा में माल वाहक वाहन पलटा, 7 घायल,पिकनिक से लौट रहे थे 12 युवक, तीन के पैर टूटे, नशे में था ड्राइवर

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र में एक माल वाहक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में सात युवक घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंडरिया दलहा के रहने वाले युवक दलहा पहाड़ पर पिकनिक मनाने गए थे। शाम करीब 6 बजे वे माल वाहक वाहन से घर लौट रहे थे। वाहन में 10 से 12 युवक सवार थे। बताया जा रहा है कि चालक नशे की हालत में था, जिसके कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

**तीन युवक टूटे पैर**

हादसे में घायल हुए सात युवकों में से तीन के पैर टूट गए हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना स्थल पर अफरा-तफरी मच गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने अकलतरा पुलिस को



सूचना दी। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अकलतरा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**तीनों बिलासपुर रेफर किया गया**

सभी घायलों का इलाज जारी है, जबकि तीन गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है और वाहन चालक का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार सक्ती, जिला- सक्ती(छ.ग.)**

क्रमांक/Q/कार्या.दण्डा./वा./2025
सक्ती, दिनांक 31.10.25

**// ईश्तहार//**

**(मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु)**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि अवेदक श्री/श्रीमती पाल सिंह पिता/पति गनेशराम साकिन सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती के पिता/पुत्र रामवती ग्राम सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती की मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त मृतक/मृतिका को दिनांक 19.04.2010 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 14.11.25 को दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.10.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सक्ती, जिला- सक्ती(छ.ग.)**

क्रमांक/Q/कार्या.दण्डा./वा./2025
सक्ती, दिनांक 31.10.25

**// ईश्तहार//**

**(मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु)**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि अवेदक श्री/श्रीमती पाल सिंह पिता/पति गनेशराम साकिन सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती के पिता/माता/पुत्र/पुत्री गनेशराम ग्राम सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती की मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त मृतक/मृतिका को दिनांक 27.07.2009 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 14.11.25 को दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.10.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**प्रेस अधिसूचना**

भारत सरकार
नागरिक उड्डयन मंत्रालय
रेल संरक्षा आयुक्त

**श्री बी. के. मिश्रा**, रेल संरक्षा आयुक्त (नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन), **दक्षिण पूर्वी सर्किल, कोलकाता**, दिनांक **6 और 7 नवम्बर 2025 को प्रातः 09:00 बजे से सायं 17:30 बजे तक, भारतीय रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 113** के अंतर्गत एक **वैधानिक जांच** करेंगे। यह जांच दिनांक **04 नवम्बर 2025 को बिलासपुर मंडल के गतौरा-बिलासपुर** खंड में हुई **गेवरारोड-बिलासपुर मेमू लोकल (68733) की मालगाड़ी (N/MDIT)** के साथ हुई **पीछे से टक्कर** से संबंधित है।

यह जांच **मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर** के कार्यालय में प्रारंभ होगी और जांच पूरी होने तक जारी रहेगी।

इस दुर्घटना एवं इससे संबंधित तथ्यों के संबंध में जानकारी रखने वाला तथा साक्ष्य प्रस्तुत करने का इच्छुक कोई भी व्यक्ति उपर्युक्त तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर साक्ष्य दे सकता है या निम्न पते पर लिखित रूप में सूचना भेज सकता है -

**रेल संरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व सर्किल, न्यू कोइलाघाट बिल्डिंग (12वाँ तल), 14, स्ट्रैंड रोड, कोलकाता - 700001.**

ईमेल: crssec@er.railnet.gov.in

जारी कर्ता

(मंडल रेल प्रबंधक)
बिलासपुर मंडल

## अनमोल वचन......

सफलता पहले से की गयी तयारी पर निर्भर है, और बिना ऐसी तयारी के असफलता निश्चित है।

# अल्पकालिक युद्धविराम

ट्रंप- शी वार्ता में मलेशिया में बनी सहमतियों पर दस्तखत हो जाते हैं। ऐसा हुआ, तो अमेरिका और चीन के अलावा बाकी दुनिया को भी राहत मिलेगी। मगर जो हालात हैं, उनके बीच यह करार भी एक अल्पकालिक युद्धविराम ही होगा। दुनिया नजरें गुरुवार को दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू शहर पर होंगी, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की शिखर वार्ता प्रस्तावित है। राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल में ट्रंप की शी के साथ यह पहली मुलाकात होगी, जिसके लिए वे खासे उतावले नजर आए हैं। यह उतावलापन कुछ तो उनकी ट्रॉन्गमैन पॉलिटिक्स के कारण है, जिसके तहत उन्हें ताकतवर नेताओं से मिलने में खास संतोष मिलता है। इस बात की ताजा मिसाल उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग-उन से मिलने की उनकी दिलचस्पी है। बहरहाल, शी के साथ मुलाकात सिर्फ मिलना भर नहीं है, बल्कि उनसे होने वाली बातचीत पर काफी कुछ दांव पर लगा हुआ है। गुजरे एक महीने में अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध और तेज हुआ है, जिसके तहत चीन ने रेयर अर्थ सामग्रियों के निर्यात को नियंत्रित कर अमेरिका में रक्षा सहित अन्य उद्योगों के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी कर दी है। इसके पहले वह अमेरिका से सोयाबीन एवं अन्य कृषि उत्पादों का आयात रोक चुका है, जिससे अमेरिकी किसान मुसीबत में बताए जाते हैं। खबरों के मुताबिक मलेशिया में आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिका और चीन के बीच हुई व्यापार वार्ता में इन तमाम मुद्दों पर कुछ सहमतियां बनी हैं। इनके तहत चीन रेयर अर्थ के निर्यात और अमेरिकी कृषि उत्पादों के आयात पर कुछ राहत दे सकता है, मगर इसके बदले उसने अमेरिका से अमेरिकी बंदरगाहों पर चीन निर्मित एवं संचालित जहाजों पर लगाए गए अतिरिक्त शुल्क की वापसी पर जोर दिया है। साथ ही उसने चीनी कंपनियों पर पिछले महीने लगाए गए प्रतिबंधों को वापस लेने की मांग की है। ट्रंप- शी वार्ता में इन सहमतियों पर दस्तखत हो जाते हैं। ऐसा हुआ, तो अमेरिका और चीन के अलावा अन्य देशों को भी राहत मिलेगी। मगर जो ठोस हालात हैं, उनके मद्देनजर यह करार भी एक युद्धविराम ही होगा। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अखबार पीपुल्स डेली ने दो टूक कहा है कि दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध में बार-बार विच्छेद और उनका अल्पकालिक समाधान आज की हकीकत है। अमेरिकी विश्लेषक भी इस बात से लगभग सहमत ही हैं।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज ज्यादातर काम पूरे हो सकते हैं। आज दोस्तों के साथ कहीं घूमने का कार्यक्रम बना सकते हैं। आज आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज बड़ा फैसला लेने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। आज बिजनेस में बढ़ोतरी के लिये नए मौके मिल सकते हैं।

**वृष राशिः** आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आपके रुके हुए काम आसानी से पूरे हो जायेंगे। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं, उन्हें आज किसी बड़ी पार्टी में मनचाहा पद मिल सकता है। आज दोस्तों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं घूमने जा सकते हैं। आज स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपका व्यक्तित्व देखकर लोग आपसे काफी प्रभावित हो सकते हैं। इस राशि के छात्रों को आज उनकी मेहनत का फल मिल सकता है। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लग सकता है।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। आज छोटी-मोटी बातों पर अपना समय व्यर्थ ना करें7 इस राशि के छात्रों को आज उनकी सफलता का कम परिणाम मिलेगा। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह भी लेंगे।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज अपने परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने के लिये दिन अच्छा है। आज पैसों को लेकर मन में चिंता बनी रहेगी। आज आपका मन काम में कम लगेगा।

**कन्या राशिः** आज के दिन तक़दीर का पूरा साथ मिलेगा। आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। अगर आप अपनी सोच को सकारात्मक रखेंगे, तो जल्द ही इसका बेहतर परिणाम हासिल होगा। आज दोस्तों के साथ मन की बात शेयर करके आपको अच्छा महसूस होगा। आज अपनी इच्छाओं को पूरा करने का मौका मिलेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। कारोबार में आ रही परेशानियों के समाधान के लिये आज किसी खास व्यक्ति से सहयोग प्राप्त हो सकता है। आज आपको एक्टिव रहने की जरूरत है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अगर आपके मन में कोई योजना चल रही है, तो उस पर काम करने के लिए आज का दिन बेहतर है। आज दोस्तों का सहयोग प्राप्त हो सकता है। आज आपको कुछ रोचक जानकारी मिलेगी। ऑफिस में आज उत्साहजनक स्थिति बन सकती है। आज कामकाज में मन लगेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप जितनी मेहनत करेंगे, उसका दोगना फल आपको मिल सकता है। आज कार्यक्षेत्र में कुछ विशेष काम करेंगे, जिससे आपको काफी धन लाभ होगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के छात्र आज खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जिससे आप तन्दुरुस्त बने रहेंगे। आज जीवनसाथी की छोटी-मोटी गलतियों को इग्नोर करें। आज कॉन्फिडेंस अधिक रहेगा।

**कुंभ राशिः** आज एक के बाद एक अच्छी ख़बरें मिलेगी। आज अचानक कुछ नए स्रोतों से धन प्राप्त होने का योग बन रहा है। आज चारों तरफ खुशी का माहौल बना रहेगा। इस राशि के छात्रों को आज तरक्की के लिये कई नये ऑप्शन मिलेंगे।

**मीन राशिः** आज परिवार और मित्रों को समय देने से हर्ष में वृद्धि होगी। आज जीवनसाथी के सहयोग से जरुरी काम बन सकते हैं। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। आज किसी मांगलिक कार्य के लिये यात्रा पर जा सकते हैं।

# बिहार विधानसभा चुनावों में जेपी की धरती पर उनके चेलों के बीच हो रहा महाभारत

*- अजय दीक्षित -*

**बिहार में विधानसभा चुनावों में जयप्रकाश नारायण के चेलों के बीच उनकी मातृभूमि पर महाभारत हो रहा है। इसमें धुर्त क्रीड़ा भी हो रही है। सत्ता रूपी द्रौपदी असमंजस में है। कौरवों और पांडवों की पहचान जनता करेंगी। लेकिन इतना तय है कि एक कुल का नाश होना है।बिहार विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है।अब चुनाव पूरे रंग पर है ।**

आगामी 9 नवंबर तक पूरे बिहार पूरे देश के राजनीतिक लोगों, विश्लेषकों, साफ़ोजोलिस्टो, मीडिया के तमाम संपादकों का डेरा जमा है बताया जाता है कि भारी संख्या में विदेशी मीडिया भी पटना में डेरा जमाए हैं। पटना के पांच सितारा होटल चाणक्य,मगध, मौर्य सीरियन में सभी कमरे फुल है और वीआइपी टैक्सी सुबह ही गांव, देहात, कस्बों में दौड़ने लगती हैं। आखिर विधानसभा चुनाव इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं और इसका क्या कारण है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रोज बिहार में रैली कर रहे हैं और राजद कांग्रेस की ओर से तेजस्वी यादव, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी और सबसे अधिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाक का बाल बन गया है यह चुनाव । प्रभात खबर के पॉलिटिकल एडिटर राजदेव पाण्डेय कहते हैं कि बिहार विधानसभा चुनावों में ऊंट किस करवट बैठ जाएगा कुछ नहीं कह सकते। राजग और इंडिया ब्लॉक में लड़ाई कांटे की है। पूरा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तेजस्वी यादव के बीच लग रहा है।यहां तक कि कई नेताओं को तो भीड़ सुनने ही नहीं आ रही है। इंडिया ब्लॉक खेमे में तेजस्वी यादव की मांग है । कांग्रेस, सीपीएम, सीपीई,के उम्मीदवार भी राजद के पटना ऑफिस में लगातार मेल भेज रहे हैं और ह्ष्ठ में यही हालत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, योगी आदित्यनाथ की बनी हुई है। जेडीयू उम्मीदवार भी योगी आदित्यनाथ की सभाएं करवा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समस्तीपुर रेली से निकले उदित चक्रवार कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात पर भरोसा है।जबकि दुलारी निषाद कहती है कि नीतीश कुमार ने महिलाओं को दस हजार रुपए दे कर मामले को पटत दिया है। मुजफरपुर में सभा में शामिल उस्मानी बेगम लालू प्रसाद यादव के जंगलराज से नाराज है क्योंकि उनके साथ उदंड लोग जुड़े हैं। लेकिन तेजस्वी यादव का अपना वोट बैंक है । अधिकतर मुस्लिम राजद खेमे के उम्मीदवार को पसंद कर रहे हैं।




पटना की शाम में चर्चा है कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री पद पर आसीन होंगे क्योंकि केंद्रीय सरकार उनके समर्थन से टिकी है। चर्चा यह भी है कि नीतीश कुमार को पिछड़ी जातियों, स्वर्ण वोट का समर्थन है । लेकिन बिहार चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी रहने वाली है।

दरअसल इस चुनाव को भविष्य का क्वाटर फाइनल मुकाबला कह सकते हैं फाइनल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में होगा क्योंकि इन दोनों राज्यों में अभी 120 लोकसभा सीट है परिसीमन के बाद 200 होने की संभावना है। सीपीई,सीपीएम,सीपीएम माले भी 20 विधानसभा सीट पर ताकत आजमाएगी। पश्चिमी बंगाल से लगे क्षेत्रों में इनका भी असर है। तेजस्वी यादव अपना बीस साल का सुखा खत्म करना चाहते हैं।

जयप्रकाश नारायण की धरती पर महाभारत हो रहा है। उनके चेले नीतीश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,लालू प्रसाद यादव, महाभारत के पात्र हैं। पटना का गांधी मैदान इन संघर्षों का साक्षी रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ 1974 में विगुल यही से फूंका गया था। जिसकी वजह से आपातकाल लगा और 1977 में कांग्रेस को हरा कर जनता पार्टी ने केंद्रीय सत्ता पर कब्जा किया था।तब से गंगा में बहुत पानी बह गया है। कांग्रेस अब तीसरे चौथी पार्टी है और राजद की भागीदार है। कांग्रेस अगर अकेले चुनाव में जाय तो पांच फीसदी वोट भी नहीं मिलेंगे। लेकिन कांग्रेस को राजद ने 62 सीट दे कर उसका मान बढ़ा दिया है। इससे मुस्लिम मतों का बिखराव कम होता नजर आ रहा है।

वैचारिक धरातल पर बिहार में 2005 के बाद ही काम हो सका था क्योंकि औद्योगिकरण बिहार अन्य राज्यों की तुलना में बिछड़ गया था। यहां तक कि केंद्र सरकार द्वारा पोषित योजनाओं के परिणाम भी नहीं निकले थे। जैसे प्रधानमंत्री सड़क परियोजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय राजमार्ग योजना,आदि क्योंकि बिहार में एक ऐसा माहौल है कि मुंबई, दिल्ली के बड़े उद्योगपति बिहार आना नहीं चाहते हैं। बिहार में बरौनी तेल शोधक कारखाना भी बंद करना पड़ा था अब शुरू हुआ है।

# बिहार में चुनाव वास्तविक मुद्दों पर लड़ा जाएगा

**हरिशंकर व्यास**

**इस बार ऐसा लग रहा था बिहार में चुनाव वास्तविक मुद्दों पर लड़ा जाएगा। विकास से जुड़े बुनियादी सवाल उठेंगे क्योंकि प्रशांत किशोर ने दो साल की पदयात्रा से लोगों को जागृत किया था। लोगों को ललकारा था कि वे अपने बच्चों के चेहरे देख कर वोट करें। प्रशांत ने मुस्लिम बस्तियों में जाकर उनको ललकारा कि वे भाजपा के भय से राजद और कांग्रेस का बंधुआ बने रहेंगे तो उसी दुर्दशा की हालत में रहेंगे, जिसमें अभी हैं।**

यादवों को भी ललकारा कि वे कब तक जाति के नाम पर लालू परिवार की गुलामी करेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, पलायन, रोजगार आदि की बातें उन्होंने लोगों के दिल दिमाग में बैठाई थी। लेकिन पिछले तीन महीने में पूरा चुनाव घूम फिर कर मुफ्त की चीजों, सेवाओं के साथ साथ जाति, धर्म, घुसपैठिया और इसी तरह के कुछ अन्य भावनात्मक मुद्दों पर सिमट गया है।

असल में पिछले 20 वर्षों में या उससे पहले लालू प्रसाद व राबड़ी देवी के शासन के 15 वर्षों को जोड़ लें तो पिछले 35 साल की मंडल की राजनीति में बिहार में बुनियादी रूप से कुछ नहीं बदला है। विकास की सबसे बुनियादी कसौटी बीएसपी यानी बिजली, सड़क और पानी के अलावा बिहार में कुछ नहीं हुआ। एनडीए के नेता जिसे जंगल राज बताते हैं उस समय जो फैक्टरियां बंद हुईं वह नीतीश के 20 साल के राज में चालू नहीं हो सकीं। जो स्कूल बंद हुए या कॉलेजों की हालत जर्जर हुई, अच्छे शिक्षकों और डॉक्टरों की कमी हुई वह अब भी बनी हुई है। अस्पताल और मेडिकल कॉलेज नहीं खुल रहे हैं। डेढ़ दशक पहले मंजूर हुए केंद्रीय विश्वविद्यालयों के भवन अभी तक नहीं बन पाए हैं। अगर लालू प्रसाद के राज में अपहरण उद्योग की कहानियां अमेरिका की पत्रिकाओं में छपती थीं तो आज जमीन, बालू और शराब के कारोबार की कहानियां प्रचलन में हैं। झारखंड का बंटवारा हुआ था तो कहा गया था बिहार में सिर्फ लालू और बालू बचे हैं। 25 साल बाद भी यह हकीकत है कि लालू हैं और बालू है। बालू के अवैध कारोबार से राजनेता और अपराधी दोनों पल रहे हैं। नीतीश कुमार ने 2016 में शराबबंदी की और उसके बाद पिछले नौ साल में अवैध शराब का कारोबार इतना फला फूला है कि बिहार में एक समानांतर अर्थव्यवस्था बन गई है। शराब के कारोबार और सिंडिकेट को बचाने के लिए अपराधी गिरोहों में खूनखराबा है। शराब और बालू के पैसे के निवेश का एकमात्र रास्ता जमीन की खरीद है। सो, जमीन के दाम अनापशनाप बढ़े हैं और उसके साथ ही जमीन विवाद से जुड़े आपराधिक मामले भी।

उद्योग के नाम पर इथेनॉल की कुछ फैक्टरियां लगी हैं। नीतीश के 20 साल के राज के बाद पहली बार उद्योग और निवेश की नीति आई है। पहली बार निजी निवेश की कुछ परियोजनाएं बिहार में आने की चर्चा है। इसका असर आने वाले सालों में क्या होता है यह देखने वाली बात होगी। अभी स्थिति यह है कि पहले की तरह ही लोग अवसर की तलाश में बिहार छोड़ कर देश भर के राज्यों में जा रहे हैं। जो सक्षम हैं वे अपने बच्चों को पढ़ने के लिए दूसरे राज्यों में भेज रहे हैं और जो सक्षम नहीं हैं उनके अनपढ़ या प्राथमिक शिक्षा लिए बच्चे देश भर में मजदूरी कर रहे हैं और होली, दिवाली, छठ पर भेड़ बकरियों की तरह ट्रेनों में लद कर बिहार जा रहे हैं। बिहार एक समय आईएएस, आईपीएस की फैक्टरी कहा जाता था। लेकिन उस फैक्टरी के बंद हुए दशकों हो गए। अभी रिटायर हो रहे भारत सरकार के सचिवों की बड़ी जमात बिहार के लोगों की है, जिन्होंने पटना साइंस कॉलेज, पटना वीमेंस कॉलेज, एएन या बीएन कॉलेज से पढ़ाई की है। लेकिन अब इन कॉलेजों की हालत ऐसी है कि न पढ़ने वाले हैं और न पढ़ाने वाले। चाहे लालू प्रसाद का राज रहा या नीतीश कुमार का दोनों सामाजिक समीकरण साध कर चुनाव जीतने की राजनीति करते रहे।

# विभाजनकारी बयान, राहुल गांधी जातीय वैमनस्य को दे रहे हैं हवा

राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि कांग्रेस ने लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए असमान प्रतिनिधित्व को दूर करने के लिए क्या किया? असमान प्रतिनिधित्व की समस्या से इन्कार नहीं, लेकिन इसका समाधान समाज को विभाजित करना और जातियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करना नहीं है। दुर्भाग्य से राहुल गांधी ऐसा ही कर रहे रहे हैं। इससे भी खराब बात यह है कि वे ऐसा करते हुए जातीय वैमनस्य को भी हवा दे रहे हैं।

राहुल गांधी एक लंबे समय से यह प्रचारित कर रहे हैं कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च जातियों का आधिपत्य है और दलित-पिछड़ी जातियां हाशिये पर धकेल दी गई हैं। गत दिवस बिहार में उन्होंने यह भी कह दिया कि यही स्थिति सेना में भी है। उनकी मानें तो उच्च जातियों के दस प्रतिशत लोगों ने सेना पर नियंत्रण कर रखा है। पहला प्रश्न तो यही उठता है कि उन्हें यह कैसे पता चला और दूसरा यह कि आखिर दस प्रतिशत लोगों का सेना पर नियंत्रण होने का क्या मतलब? वे ऐसे बयान देकर न केवल लोगों को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि सेना की छवि भी मलिन कर रहे हैं। कम से कम उन्हें सेना को तो बख्श देना चाहिए, जिसमें जाति, पंथ आदि के लिए कोई स्थान नहीं। कोई भी यह नहीं कह सकता कि सेना की भर्ती में किसी तरह का भेदभाव होता है। यह ठीक नहीं कि राहुल गांधी



जाने-अनजाने सेना की साख पर प्रहार कर रहे हैं। लगता है वे यह भूल गए कि कुछ समय पहले सेना को नीचा दिखाने वाले अपने बयान के लिए उन्हें किस तरह सुप्रीम कोर्ट की फटकार का सामना करना पड़ा था।

यह विचित्र है कि राहुल गांधी सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों का उल्लेख कर यह तो कहते रहते हैं कि वहां दस प्रतिशत की हिस्सेदारी वाली उच्च जातियों का प्रभुत्व है, लेकिन यह नहीं स्पष्ट करते कि खुद कांग्रेस के विभिन्न संगठनों में दलित, पिछड़ी जातियों का कितना प्रतिनिधित्व है? राहुल गांधी की समझ से असमान प्रतिनिधित्व का एक मात्र उपाय जातिगत जनगणना है। हालांकि जातिगत जनगणना कराने का फैसला ले लिया गया है, लेकिन उन्हें इतने से ही संतोष नहीं। वे इसकी गिनती भी चाह रहे हैं कि किस क्षेत्र में किस जाति के कितने लोग हैं? क्या इससे वह असमान प्रतिनिधित्व दूर हो जाएगा, जिसकी चर्चा राहुल गांधी करते रहते हैं?

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि मनमोहन सरकार के समय सच्चर कमेटी के जरिये यह जानने की चेष्टा की गई थी कि सेना में कितने मुस्लिम हैं? सेना की आपत्ति के बाद ऐसा नहीं हो सका। बीते कुछ समय से राहुल गांधी खुद को सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा पक्षधर साबित करने में लगे हुए हैं, लेकिन सब जानते हैं कि राजीव गांधी के समय किस तरह कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण का प्रबल विरोध किया था। राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि कांग्रेस ने लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए असमान प्रतिनिधित्व को दूर करने के लिए क्या किया? असमान प्रतिनिधित्व की समस्या से इन्कार नहीं, लेकिन इसका समाधान समाज को विभाजित करना और जातियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करना नहीं है। दुर्भाग्य से राहुल गांधी ऐसा ही कर रहे रहे हैं। इससे भी खराब बात यह है कि वे ऐसा करते हुए जातीय वैमनस्य को भी हवा दे रहे हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



अयोध्या में कार्तिक पूर्णिमा उत्सव पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी।



भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव समारोह के भाग के रूप में आयोजित एयर शो के दौरान युद्धाभ्यास करती हुई।




महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस स्टारलिंक के उपाध्यक्ष लॉरेन ड्रेयर के साथ बुधवार, 5 नवंबर, 2025 को मुंबई में एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर के दौरान। इस आशय पत्र के तहत महाराष्ट्र सरकारी संस्थानों, ग्रामीण समुदायों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवाओं के लिए स्टारलिंक सैटेलाइट कम्युनिकेशंस के साथ औपचारिक रूप से साझेदारी करने वाला पहला भारतीय राज्य बन जाएगा।



नई दिल्ली के आईटीओ पर घने धुंध और बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच नदी की सफाई के लिए काम करती एक नदी सफाई मशीन।



उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन बुधवार, 5 नवंबर, 2025 को छत्तीसगढ़ के राजभवन में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हरियाणा के लोगों के साथ कथित मतदाता सूची में हेराफेरी के बारे में व्यक्तिगत बयान साझा करते हुए।



गुलमर्ग के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट में ताज़ा बर्फबारी के बीच पर्यटक टहलते और तस्वीरें लेते हुए। पृष्ठभूमि में बर्फ से ढके देवदार के जंगल हैं।

# पेंशन में अब मनमानी कटौती नहीं, केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को लेकर सरकार ने लिया बड़ा फैसला

**नईदिल्ली, 06 नवंबर [एजेंसी]।**

केंद्र सरकार ने करोड़ों केंद्रिय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को राहत देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि एक बार अधिकृत (फाइनल) की गई पेंशन/परिवारिक पेंशन में कटौती नहीं होगी, जब तक कि उसमें स्पष्ट लेखन/क्लेरिकल या गणना संबंधी त्रुटि साबित न हो। यह आदेश कर्मचारी, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने जारी किया है।



नई व्यवस्था के अनुसार, यदि किसी पेंशन या पारिवारिक पेंशन में कोई त्रुटि दो साल से अधिक समय बाद पाई जाती है, तो उसे घटाने से पहले पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग से मंजूरी लेना अनिवार्य होगा। के कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है- 'एक बार जब पेंशन या पारिवारिक पेंशन को अंतिम रूप से अधिकृत कर दिया गया है या , 2021 के नियम 66(1) के तहत संशोधित किया गया है, तो उसे पेंशनर के नुकसान में तब तक संशोधित नहीं किया जा सकता, जब तक कि कोई क्लेरिकल गलती न पाई जाए। विभाग ने आगे कहा, 'यदि ऐसी गलती पेंशन तय होने या संशोधित होने की तारीख से दो साल बाद पाई जाती है, तोकी सहमति के बिना पेंशन या पारिवारिक पेंशन में किसी प्रकार की कमी नहीं की जाएगी।' यह कदम इसलिए अहम है क्योंकि पहले कई बार सेवानिवृत्ति के कई साल बाद भी विभाग त्रुटिपूर्ण गणना का हवाला देकर पेंशन घटा देता था या रिकवरी नोटिस भेज देता था। अब यह प्रथा बंद हो जाएगी। DoPPW ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी पेंशनर को गलती से ज्यादा भुगतान मिल गया है और वह उसकी गलती या गलत जानकारी के कारण नहीं हुआ, तो संबंधित मंत्रालय को यह तय करना होगा कि वह राशि वापस ली जाए या माफ की जाए। इसके लिए मंत्रालय को एक्पेंडिचर डिपार्टमेंट से परामर्श करना होगा। यदि राशि वापस लेने का निर्णय किया जाता है, तो पेंशनर को दो महीने का नोटिस दिया जाएगा ताकि वह रकम लौटा सके। यदि पेंशनर ऐसा नहीं करता, तो राशि भविष्य की पेंशन किस्तों से किस्तों में वसूली जा सकती है। ऑफिस मेमोरेंडम में कहा गया है, 'यदि पेंशन या पारिवारिक पेंशन के संशोधन के बाद यह पाया जाता है कि पेंशनर को अतिरिक्त भुगतान हो गया है, और यह किसी गलत जानकारी के कारण नहीं हुआ है, तो संबंधित मंत्रालय को व्यय विभाग से परामर्श कर यह निर्णय लेना होगा कि वसूली की जाए या माफ की जाए।'

पेंशन विभाग ने सभी मंत्रालयों और विभागों को इस आदेश का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि इस आदेश को सभी शाखाओं और पेंशन सेक्शनों तक पहुंचाया जाए ताकि भविष्य में किसी भी पेंशनर को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।

दरअसल, कई मामलों में देखा गया था कि रिटायरमेंट के सालों बाद भी विभाग 'अधिक पेंशन दिए जाने की त्रुटि' बताकर पेंशन घटा देता था या रिकवरी की कार्रवाई शुरू कर देता था, जिससे बुजुर्ग पेंशनरों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब सरकार के इस नए आदेश के बाद केवल वास्तविक क्लेरिकल गलती पाए जाने पर ही पेंशन संशोधित की जा सकेगी। वह भी सीमित अवधि (दो साल) के भीतर। यह निर्णय न केवल पारदर्शिता लाएगा, बल्कि सरकारी पेंशन प्रणाली में भरोसा भी बढ़ाएगा।

## डोनाल्ड ट्रंप का मास्टरस्ट्रोक : मस्क के सहयोगी जेरेड इसाकमैन को सौंपी नासा की कमान

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के बीच भले ही अक्सर नोकझोंक की खबरें सामने आती रही हों, मगर इसी बीच ट्रंप ने बड़ा दांव चल दिया है। उन्होंने मस्क के करीबी और स्पेस एक्स मिशन से जुड़े रहे जेरेड इसाकमैन को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की कमान सौंप दी है। जेरेड ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए ट्रंप के साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की है। दिलचस्प बात यह है कि मस्क से रिश्ते बिगड़ने के बाद ट्रंप ने ही पहले जेरेड को नासा से हटा दिया था। उस समय उनकी जगह अमेरिका के परिवहन मंत्री सीन डफी को नासा का अंतरिम प्रमुख नियुक्त किया गया था। अब ट्रंप ने जेरेड को फिर से वही जिम्मेदारी सौंप दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, मुझे जेरेड इसाकमैन को नासा के प्रशासनिक अधिकारी के रूप में नामित करते हुए खुशी हो रही है। वे एक बेहतरीन बिजनेस लीडर, पायलट और अंतरिक्ष यात्री हैं। हालांकि, इस नियुक्ति को अंतिम रूप देने के लिए संसद की मंजूरी जरूरी है, लेकिन फिलहाल बहुमत ट्रंप की पार्टी के पास है। ऐसे में जेरेड के जल्द नासा प्रमुख बनने की पूरी संभावना है। ट्रंप ने आगे कहा, अंतरिक्ष के प्रति जेरेड का लगाव और उनका अनुभव ब्रह्मांड के रहस्यों को सुलझाने में मदद करेगा। इससे अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। जनवरी 2025 में सत्ता संभालने के बाद ट्रंप ने एलन मस्क की सिफारिश पर ही जेरेड को नासा प्रमुख नियुक्त किया था। जेरेड को मस्क का करीबी माना जाता है। वे 2021 में स्पेस एक्स के पहले सिविलियन स्पेस मिशन इंस्पिरेशन 4 के कमांडर भी रह चुके हैं। अब उम्मीद है कि वे नासा के आगामी मंगल मिशन में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

## अमेरिका में बड़ा विमान हादसा, इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान भरते ही कार्गो प्लेन क्रैश; 4 की मौत और 11 घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के केंटकी में लुईविल मुम्मद अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्लेन क्रैश का खौफनाक मंजर सामने आया है। मंगलवार शाम को लुईविल मुम्मद अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यूपीएस कार्गो प्लेन टेकऑफ करने के कुछ ही सेकेंड बाद क्रैश हो गया और इस दुर्घटना में तीन क्रू मेंबर्स की जान चली गई। प्लेन क्रैश के बाद आग की लपटें ऊपर उठने लगीं और आसपास की जगहों तक फैल गईं। प्लेन में करीब 2.5 लाख गैलन फ्यूल था, इस वजह से क्रैश होते ही आग इतनी तेजी से फैल गई। संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) के अनुसार, यूपीएस एमडी-11 विमान केंटकी के लुइसविले हवाई अड्डे के पास उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एफएए के एक बयान के अनुसार, यूपीएस उड़ान संख्या 2976 स्थानीय समयानुसार शाम 5 बजे के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। विमान होनोलूलू के डैनियल के. इनौये अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर जा रहा था। एफएए राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के साथ मिलकर इस दुर्घटना की जांच कर रहा है। एफएए ने मंगलवार को कहा कि एनटीएसबी जांच की जिम्मेदारी संभालेगा। लुइसविले हवाई अड्डे के जन सूचना अधिकारी, जोनाथन बिवेन ने बताया कि मंगलवार की दुर्घटना में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। बिवेन ने कहा, मैं कुल चार लोगों के मारे जाने की पुष्टि कर सकता हूं। कम से कम 11 लोग घायल हुए हैं और उन्हें स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया है। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, यूपीएस विमान के हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद, लुइसविले मुहम्मद अली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाली सभी उड़ानें मंगलवार रात रद्द कर दी गईं। लुइसविले हवाई अड्डे के जन सूचना अधिकारी जोनाथन बिवेन ने कहा, हम उन सभी लोगों से अनुरोध कर रहे हैं जो आज रात और कल एसडीएफ हवाई अड्डे से यात्रा कर रहे हैं कि वे उड़ान की अपडेट के लिए अपनी एयरलाइन से संपर्क करें।

# पंजाब को दहलाने की साजिश नाकाम, 245 जिंदा कारतूस समेत हथियारों का जखीरा बरामद

**चंडीगढ़, 06 नवंबर [एजेंसी]।**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत पंजाब को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने के अभियान के दौरान पंजाब पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने भारत-पाक सीमा के पास गोंहेवाल गांव (रावी नदी के किनारे) से हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद किया है। बरामद किए गए हथियारों में दो एके सीरीज असॉल्ट राइफलें, आठ मैगजीन, एक .30 बोर पिस्टल, दो मैगजीन, .30 बोर के 50 जिंदा कारतूस और 7.62 मिमी के 245 जिंदा कारतूस शामिल हैं। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार को जानकारी देते हुए कहा कि पंजाब पुलिस की त्वरित और सतर्क कार्रवाई के कारण एक बड़ी वारदात टल गई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी गतिविधियों और सीमा क्षेत्र में गैंगस्टर गिरोहों की हलचल बढ़ने के इनपुट मिले थे, जिसके मद्देनजर यह कार्रवाई की गई। डीजीपी ने बताया कि यह बरामदगी इस बात का प्रमाण है कि पंजाब पुलिस सीमा पार से होने वाली हथियार तस्करी पर पैनी नजर बनाए हुए है। हमारी सतर्कता ने राज्य में संभावित आतंकवादी या आपराधिक घटना को रोकने में अहम भूमिका निभाई है। एसएसपी अमृतसर (ग्रामीण) मनिंदर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने गोंहेवाल गांव क्षेत्र में कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। तलाशी के दौरान रावी नदी के पास एक थैला बरामद हुआ, जिसमें अत्याधुनिक हथियार और गोला-बारूद छिपाकर रखा गया था। उन्होंने आगे कहा कि हथियारों के स्रोत और गंतव्य का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच चल रही है और आने वाले दिनों में और भी बरामदगियां व गिरफ्तारियां संभव हैं। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। यह मामला आर्म्स एक्ट की धारा 25(8) और भारतीय न्याय संहिता की धारा 113 के तहत थाना रामदास में दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह बरामदगी सीमा पार से सक्रिय तस्करी नेटवर्क और आतंकवादी संगठनों के बीच संभावित कनेक्शन की ओर इशारा करती है। जांच एजेंसियां अब इस नेटवर्क के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक का पता लगाने में जुटी हैं ताकि तस्करी की इस कड़ी को पूरी तरह तोड़ा जा सके।

## टीवीके काउंसिल की बैठक आज : करूर हादसे के बाद विजय तोड़ेंगे चुप्पी, पार्टी की रणनीति पर बड़ा ऐलान

**चेन्नई।** तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) काउंसिल की बैठक बुधवार को मामल्लापुरम के फोर पॉइंट्स बाय शेराटन होटल में सुबह 10 बजे शुरू हो रही है।

# वोट चोरी पर राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस , कहा- ब्राजील की मॉडल ने हरियाणा में वोट डाला

**नईदिल्ली, 06 नवंबर [एजेंसी]।**

बिहार में वोटिंग से एक दिन पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं. राहुल हाल में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर खुलासा कर रहे हैं. राहुल ने कहा कि हरियाणा- महाराष्ट्र, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ में हमने वोटों की चोरी पकड़ी लोकसभा नेता राहुल गांधी चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर आरोप लगते हुए कहा ने कहा यह महिला कौन है? इसने हरियाणा में 10 अलग-अलग बूथों पर 22 बार वोट डाला। इसके कई नाम हैं...इसका मतलब है कि यह एक केंद्रीकृत ऑपरेशन है...यह महिला एक ब्राज़ीलियाई मॉडल है। यह एक स्टॉक फोटो है। यह हरियाणा में ऐसे 25 लाख रिकॉर्डों में से एक है कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, ...मैं चाहता हूं कि भारत के युवा, तद्र्ठुं इसे स्पष्ट रूप से समझें क्योंकि यह आपके भविष्य के बारे में है...मैं भारत में चुनाव आयोग, लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल उठा रहा हूं, इसलिए मैं इसे 100त्न सबूत के साथ कर रहा हूं। हमें पूरा यकीन है कि कांग्रेस की भारी जीत को हार में बदलने की योजना बनाई गई थी...कृपया उनके (मुख्यमंत्री नायब सैनी) चेहरे पर मुस्कान और उस व्यवस्था पर ध्यान दें, जिसकी हरियाणा के मुख्यमंत्री बात कर रहे हैं

राहुल गांधी ने कहा मैं सत्य के दूत गुरु नानक जी को याद करके शुरुआत करना चाहूंगा, जिन्होंने भारत को धर्म का मार्ग दिखाया। वह हमेशा मेरे लिए और देश और दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए प्रेरणा रहे हैं। मैं जो कहने जा रहा हूं वह 100प्रतिशत सच है।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, हमारे पास शब्द एच फाइलें हैं और यह इस बारे में है कि पूरे राज्य को कैसे चुराया गया है... हमें संदेह है कि यह व्यक्तिगत निर्वाचन क्षेत्रों में नहीं, बल्कि राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। हमें अपने उम्मीदवारों से हरियाणा में बहुत सारी शिकायतें मिलीं, कि कुछ गलत था और काम नहीं कर रहा था। उनकी सभी भविष्यवाणियां उलट गईं। हमने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में इसका अनुभव किया था, लेकिन हमने हरियाणा में जाने और वहां क्या हुआ था, इसके बारे में विवरण देने का फैसला किया।

राहुल गांधी ने कहा, सभी (एग्जिट) पोल कांग्रेस की जीत (हरियाणा में) की ओर इशारा कर रहे थे... दूसरी बात जो हमारे लिए आश्चर्यजनक थी, वह यह थी कि हरियाणा के चुनावी इतिहास में पहली बार डाक से वोट वास्तविक मतदान से अलग थे... हरियाणा में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। इसलिए, हमने सोचा कि आइए विस्तार से जानें। जब मैंने पहली बार यह जानकारी देखी, जो आप देखने जा रहे हैं, तो मुझे यकीन नहीं हुआ। मैं सदमे में था... मैंने टीम को कई बार क्रॉस-चेक करने के लिए कहा।

## भारत बनेगा अगली 'सुपरपॉवर', यूएनएससी में शामिल करें; इस देश के राष्ट्रपति ने चेताया- देरी हुई तो कमजोर हो जाएगा यूएन

**हेलसिंकी।** फिनलैंड के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर स्टब ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की पुरजोर वकालत की है। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर भारत जैसे महत्वपूर्ण देश को सुरक्षा परिषद में शामिल नहीं किया गया, तो संयुक्त राष्ट्र (यूएन) लगातार कमजोर होता रहेगा। राष्ट्रपति स्टब ने वैश्विक स्थिरता और विकास में भारत की भूमिका को बेहद अहम बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर की रणनीतिक सोच की जमकर तारीफ की।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिनिश राष्ट्रपति स्टब ने कहा, मैं भारत का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और मुझे लगता है कि अमेरिका और चीन के साथ भारत हमारा अगला सुपरपॉवर होगा। उन्होंने भारतीय नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी हों या विदेश मंत्री जयशंकर, भारत जो अभी कर रहा है, उससे एक गहरी रणनीतिक सोच झलकती है, जिससे दुनियाभर में सम्मान मिलता है। स्टब ने यूएनएससी में तत्काल सुधार की मांग करते हुए कहा, मैंने (संयुक्त राष्ट्र) महासभा में दो बार यह बात कही है। मैं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार चाहता हूं। इसकी सदस्यता कम से कम दोगुनी होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, यह गलत है कि भारत जैसे देश सुरक्षा परिषद में नहीं हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि परिषद में लैटिन अमेरिका से एक, अफ्रीका से दो और एशिया से दो नए सदस्यों को शामिल किया जाना चाहिए। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, अगर भारत जैसे बड़े खिलाड़ियों को यह लगेगा कि वह इस 'खेल' (वैश्विक व्यवस्था) में शामिल नहीं हैं, तो यह संस्थान (यूएन) ऐसे ही कमजोर होता रहेगा। उन्होंने भारत को वैश्विक विकास के लिए 'जरूरी' बताते हुए कहा, भारत जो करता है, वह दुनिया के लिए जरूरी है। स्टब ने कहा कि फिनलैंड अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार देने में भारत को एक अहम साझेदार के रूप में देखता है। उन्होंने 'मल्टीलेटरलिज्म' (बहुपक्षवाद) में अपना विश्वास जताते हुए कहा कि इस व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए यह आवश्यक है कि भारत सिस्टम में बाहर से नहीं, बल्कि अंदर से शामिल हो।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छत्रू क्षेत्र के कलाबन जंगल में आज सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, आतंकियों की गोलीबारी में एक जवान घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि पुलिस को इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान शुरू किया। इस ऑपरेशन को 'छत्रू ऑपरेशन' नाम दिया गया है। मौके पर दोनों ओर से फायरिंग जारी है और पूरे इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। सूत्रों का कहना है कि क्षेत्र में दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। जानकारी के मुताबिक, किश्तवाड़ के छत्रू इलाके में यह आतंकी समूह पिछले कुछ महीनों से सक्रिय है। जंगलों में कई बार संदिग्ध गतिविधियां देखी गई हैं। सुरक्षाबल लगातार इनकी निगरानी कर रहे थे। हाल के महीनों में कई बार अभियानों को अंजाम दिया गया है।

## भूल कर भी इस सेविंग्स ऐप में न करें निवेश

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने निवेशकों को एक बड़े ऑनलाइन घोटाले से आगाह किया है। 'कोस्टा सेविंग्स' नामक ऐप के खिलाफ कई शिकायतें मिल चुकी हैं, जहां असामान्य रूप से ऊंचे रिटर्न के झूठे वादों से लोगों को ठगा जा रहा है। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है, लेकिन यह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई), सेबी या किसी अन्य नियामक संस्था से मान्यता प्राप्त नहीं है। पुलिस का कहना है कि यह एक धोखाधड़ी का प्लेटफॉर्म है, जो लोगों के पैसे हड़पने के लिए बनाया गया लगता है। आर्थिक अपराध शाखा को पिछले कुछ दिनों में दर्जनों शिकायतें मिली हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि ऐप के विज्ञापनों में 20-30 प्रतिशत तक मासिक रिटर्न का लालच दिया जाता है, जो किसी भी वैध निवेश से असंभव है।

## यूपी : सपा विधायक ने डालीबाग फ्लैट आवंटन में धांधली का गंभीर आरोप लगाया

**लखनऊ।** लखनऊ के डलीबाग इलाके में 72 फ्लैटों के आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक रविदास मेहरोत्रा ने प्रदेश सरकार पर गरीबों को फ्लैट आवंटन की प्रक्रिया में धांधली करने का गंभीर आरोप लगाया। सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, आज डालीबाग में 72 फ्लैटों की चाबी आवंटियों को सौंपने की बात कही जा रही है। यह स्थान मेरे विधानसभा क्षेत्र में आता है। लॉटरी 10 नवंबर को होनी थी, लेकिन यह इतनी पहले कैसे हो गई? 3 नवंबर की रात तक फॉर्म लिए जाने थे और 10 नवंबर को लॉटरी खुलनी थी। जब मैंने जानकारी ली तो बताया गया कि लॉटरी वाले दिन आपको भी बुलाया जाएगा, लेकिन मुझे बुलाया नहीं गया। ऐसे में फ्लैट आवंटन की प्रक्रिया में बड़ी धांधली करके जल्दबाजी में लॉटरी खोली गई। उन्होंने जांच की मांग उठाते हुए कहा, मकान के आवंटन में पूरी निष्पक्षता नहीं बरती गई है। अगर निष्पक्षता बरती जाती तो 10 नवंबर के दिन ही लॉटरी खुलती। इसमें बड़े पैमाने पर धांधली हुई है, जिसको लेकर जांच होनी चाहिए। मेहरोत्रा ने कहा, अगर डालीबाग में सरदार वल्लभ भाई पटेल कालोनी बनाकर 72 गरीबों को मकान दिए जा रहे हैं, तो इसे निशुल्क दिया जाना चाहिए, लेकिन सरकार इसके बदले 10 से 12 लाख रुपए क्यों ले रही है? अगर सरकार यह कह रही है कि उसने गरीबों को मकान दिया है, तो वह यह बताए कि इतने रुपए देकर जो मकान खरीदेगा, वह गरीब कहां से होगा? सरकार को यह मकान निशुल्क देने चाहिए थे, और यह उसे देना चाहिए जिसके पास अन्य कोई भी मकान नहीं है। सपा विधायक ने बिहार चुनाव में विपक्षी महागठबंधन की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा, बिहार चुनाव के पहले चरण का मतदान गुरुवार को है, जिसके लिए मंगलवार शाम को राजनीतिक पार्टियों का चुनाव प्रचार बंद हो गया। बिहार चुनाव में इंडिया गठबंधन जीत रहा है। इस बार यह तय माना जा रहा है कि बिहार में हमारी सरकार बन रही है।

## खेत में युवती की गला रेतकर हत्या

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के सुजानगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब सुल्तानपुर गांव के बाहर धान के खेत में एक 22 वर्षीय युवती का शव मिला।

# कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे श्रद्धालु, सुरक्षा चाकचौबंद

**नईदिल्ली, 06 नवंबर [एजेंसी]।**



कार्तिक पूर्णिमा के पवित्र दिन बुधवार तड़के से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। अयोध्या, प्रयागराज, रायबरेली, हरिद्वार, और पटना के एनआईटी घाट पर भक्त आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। घाटों पर भक्तों को दान करते हुए भी देखा गया। हरिद्वार के घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर स्नान कर रहे हैं। आज का स्नान हिंदू धर्म में बहुत पवित्र माना जाता है। कहा जाता है कि आज जो भी पवित्र नदियों में स्नान करता है, उसे सौ गुना पुण्य फल की प्राप्ति होती है। हरिद्वार के गंगा घाट पर मौजूद पंडित जी ने आईएएनएस को बताया, कार्तिक पूर्णिमा को सबसे बड़ी पूर्णिमा माना जाता है। भक्त गंगा जी में स्नान कर दीपदान कर रहे हैं, 365 बत्तियों का दान कर रहे हैं, जिसे पूरे साल के रूप में देखा जाता है। आज के दिन मात्र गंगा जी के दर्शन से पापों से मुक्ति मिलती है। अयोध्या में भक्त गंगा घाटों पर ब्रह्म मुहूर्त से स्नान करने पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट है और ज्यादा भीड़ वाली जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। ड्रोन से पूरे इलाके पर नजर रखी जा रही है। प्रयागराज में स्नान करने पहुंचे श्रद्धालु ने बताया कि यह एक अद्भुत उत्सव है और इसकी व्यवस्था भी बहुत अच्छी है। सब कुछ बहुत अच्छे से व्यवस्थित है। मैं पहले दिल्ली परिवहन विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत था, लेकिन अब सेवानिवृत्त हो चुका हूं और अपने परिवार के साथ कनकपुर कटरा के पास रहता हूं। अन्य महिला श्रद्धालु ने बताया कि घाटों पर भीड़ बहुत ज्यादा है क्योंकि इस पूर्णिमा का महत्व बहुत ज्यादा है और ऐसे हर कोई गंगा में स्नान करने के लिए आ रहा है। घाटों की व्यवस्था पर बात करते हुए अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि भीड़ को देखते हुए घाटों को अलग-अलग जोन में बांट दिया है, जिससे भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। स्नान के बाद श्रद्धालु दर्शन के लिए मंदिरों में भी जा रहे हैं, वहां पर भी सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। वहीं जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि रात से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो चुका है और उनके लिए व्यापक बंदोबस्त भी किए गए हैं। कंट्रोल रूम सक्रिय है और हर जगह सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। बिहार, रायबरेली और अयोध्या के घाटों पर भी श्रद्धालु पवित्र स्नान करने पहुंच रहे हैं। दान के लिए बाजारों में गुड़ से बने व्यंजन भी बिक रहे हैं।

## क्या टूट जाएगा भारतीयों का 'कनाडा ड्रीम'? सरकार ला रही नया कानून... एक झटके में रद्द हो सकते हैं हजारों वीजा

**कनाडा।** कनाडा जाने की चाह रखने वाले भारतीयों को जल्द ही एक तगड़ा झटका लग सकता है। कनाडाई सरकार संसद में एक ऐसा विधेयक लाने की तैयारी में है, जो उसे अस्थायी वीजा को बड़े पैमाने पर रद्द करने की अभूतपूर्व शक्ति देगा। सीबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम का इस्तेमाल खास तौर पर भारत से आने वाले कथित फर्जी आवेदनों को रोकने के लिए किया जा सकता है।

रिपोर्ट में आईआरसीसी , सीबीएसए और अमेरिकी विभागों के हवाले से बताया गया है कि यह प्रावधान भारत से अस्थायी वीजा आवेदकों की धोखाधड़ी को रोकने वाला एक अहम कदम माना जा रहा है। यह नया नियम कनाडा के स्ट्रॉन्ग बॉर्डर्स बिल का हिस्सा है। विधेयक में कहा गया है कि महामारी या युद्ध जैसी विशेष परिस्थितियों में ढेर सारे वीजा एक साथ रद्द किए जा सकते हैं। हालांकि, रिपोर्ट इशारा करती है कि कनाडाई अधिकारी इसका इस्तेमाल कुछ खास देशों के वीजा धारकों को निशाना बनाने के लिए कर सकते हैं, जिनमें भारत प्रमुख है। इस नियम के दायरे में अस्थायी निवासी आएंगे, जिनमें विदेशी छात्र, काम करने वाले और घूमने आने वाले लोग शामिल होते हैं। इमिग्रेशन वकील सुमित सेन ने 'हिंदुस्तान टाइम्स' को बताया कि अगर लिबरल सरकार का यह बिल पास हो गया, तो हजारों आवेदन एक झटके में रद्द हो सकते हैं, क्योंकि इससे संबंधित मंत्री को बहुत बड़ी ताकत मिल जाएगी। उन्होंने 2007 का उदाहरण देते हुए कहा कि तब भी पुरानी लंबित अर्जियों का बोझ हटाने के लिए फाइलें बंद कर दी गई थीं। यह स्थिति तब है जब कनाडा में वीजा आवेदनों को मंजूरी देने में पहले से ही बहुत देरी हो रही है। उदाहरण के तौर पर, स्टार्टअप वीजा के तहत उद्यमियों को 35 साल (420 महीने) तक का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। कनाडा सरकार की सख्ती का असर भारतीय छात्रों पर पहले ही दिखना शुरू हो गया है। रविवार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2025 में 74प्रतिशत भारतीय छात्रों के स्टडी परमिट रिजेक्ट कर दिए गए। यह आंकड़ा अगस्त 2023 में सिर्फ 32 प्रतिशत था। यानी, भारत से पढ़ाई के लिए कनाडा जाना अब बेहद मुश्किल हो गया है।

# 8वें भारत-जापान हिंद-प्रशांत फोरम 2025 में शामिल हुए जयशंकर कहा- 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन के निवेश का है लक्ष्य

**नईदिल्ली, 06 नवंबर [एजेंसी]।**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर 8वें भारत-जापान हिंद-प्रशांत फोरम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान विदेश मंत्री ने भारत और जापान के संबंधों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले दशकों में भारत और जापान के बीच के संबंध और भी गहरे हुए हैं।



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, मुझे इस संवाद के नवीनतम संस्करण को एक बार फिर संबोधित करते हुए खुशी हो रही है। दिल्ली पॉलिसी ग्रुप और जापान इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स को मेरी बधाई। हमारी साझेदारी, जो पिछले दशकों में पहले से कहीं अधिक एक-दूसरे पर निर्भर रही है, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक स्थिरता को बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर आर्थिक स्थिरता में योगदान देने का काम करती है। एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखना एक मजबूत तुलनात्मक और साथ ही एक जटिल चुनौती भी है। उन्होंने आगे कहा, बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप एक द्विपक्षीय संबंध, जो विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने में परिलक्षित होता है। प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री ताकाइची के बीच पदभार ग्रहण करते ही हुई हालिया बातचीत इस बात का प्रमाण है कि दोनों इसे कितनी प्राथमिकता देते हैं। अगस्त में प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा ने अगले दशक के संयुक्त दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण रूप से रेखांकित किया। अगले 10 वर्षों में 10 ट्रिलियन येन का निवेश लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा, भविष्य में, भारत-जापान साझेदारी को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टरों, महत्वपूर्ण खनिजों, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दो प्रमुख लोकतंत्रों और समुद्री राष्ट्रों के रूप में, भारत और जापान की हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है। हिंद-प्रशांत महासागर पहल हमारे योगदान को आगे बढ़ाने की क्षमता रखती है। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को नई दिल्ली में अपने इजरायली समकक्ष गिदोन सार के साथ बैठक की। इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और गाजा शांति योजना सहित क्षेत्र के विकास पर चर्चा हुई। इस मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, आज नई दिल्ली में इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार के साथ एक शानदार बैठक हुई। विभिन्न क्षेत्रों में हमारी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर उपयोगी चर्चा हुई। आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति हमारी शून्य सहनशीलता की पुष्टि की। क्षेत्र के विकास, गाजा शांति योजना और एक स्थायी समाधान बनाने के प्रयासों पर इजरायली दृष्टिकोण साझा करने के लिए विदेश मंत्री सार की सराहना करता हूं। बहुपक्षीय मंचों पर हमारे सहयोग पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस और इजरायल के विदेश मंत्रालय के बीच प्रशिक्षण पर समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान के साक्षी बने। इजरायली विदेश मंत्री सार ने कहा कि उन्होंने और विदेश मंत्री जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों और आतंकवाद के आपसी खतरे पर चर्चा की। उन्होंने नई दिल्ली में शानदार मेहमान नवाजी के लिए विदेश मंत्री जयशंकर का धन्यवाद किया।

गिदोन सार ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं अपने मित्र भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को नई दिल्ली में उनकी मेहमान नवाजी के लिए धन्यवाद देता हूं। हमने द्विपक्षीय संबंधों और आतंकवाद के आपसी खतरे पर उपयोगी चर्चा की। मैंने जोर देकर कहा कि हमास आतंकवादी राज्य को खत्म करना ट्रंप योजना के केंद्र में है और हम इससे कोई समझौता नहीं करेंगे। इजरायल एक क्षेत्रीय महाशक्ति और एक फलता-फूलता लोकतंत्र है। भारत एक वैश्विक महाशक्ति, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। हमारा लक्ष्य हमारे देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी बनाना है। हम इसे पूरा करेंगे।

# कोरिया जिले में अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की सख्ती



**कोरिया बैकुंठपुर।** शासन के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन मिनी ट्रक वाहनों को जप्त किया है। यह कार्रवाई तहसील सोनहत और बैकुंठपुर क्षेत्र में की गई, जहां गश्त के दौरान ये वाहन अवैध रूप से गौण खनिज रेत का परिवहन करते पाए गए।

जब्ती के बाद इन वाहनों को चरचा थाना में अभिरक्षा में रखा गया है और संबंधित वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

जप्त किए गए वाहन सीजी 16 सीएल 7672 मिनी ट्रक वाहन मालिक संत कुमार साहू, सीजी 16 सीजे 1135 मिनी ट्रक वाहन मालिक राजकुमार साहू और सीजी 16 सी क्यू 5979 मिनी ट्रक कमलेश यादव है।

इन वाहन स्वामियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जिला खनिज अधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश और कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी और संबंधित दोषियों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## जिले में टेराकोटा कलाकृतियों की मांग अधिक

**बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर कोरिया जिले के मिनी स्टेडियम में आयोजित राज्योत्सव परिसर में विभिन्न विभागों और शिल्पकारों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस आयोजन में जिले के पिछड़े ब्लॉक सोनहत के ग्राम चकडांड निवासी शिल्पकार कुंजलाल द्वारा बनाई गई टेराकोटा मिट्टी की कलाकृतियों ने विशेष रूप से लोगों का ध्यान खींचा।



कुंजलाल की कलाकृतियां अपनी पारंपरिक छाप और सुंदर डिजाइन के कारण बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित कर रही हैं। भले ही इन कलाकृतियों की कीमत अपेक्षाकृत अधिक है, लेकिन इनके निर्माण में लगने वाला समय, मेहनत और लागत को देखते हुए खरीदार इन्हें पूरी रुचि से खरीद रहे हैं। राज्योत्सव में आने वाले आगंतुक न केवल इन कलाकृतियों को देख रहे हैं, बल्कि खरीदारी भी जमकर कर रहे हैं। महोत्सव में पारंपरिक कला, लोकसंस्कृति और कारीगरी की शानदार प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसने स्थानीय शिल्पकारों के लिए फायदेमंद बाजार उपलब्ध कराया है। टेराकोटा कला के अलावा अन्य ग्रामीण उत्पादों और हस्तशिल्प वस्तुओं की बिक्री भी जोरों पर है। टेराकोट आर्ट से बने कलाकृति।

## भाथूपारा में खड़ी स्कॉर्पियो में बदमाशों ने लगाई आग

**अंबिकापुर।** मणिपुर थाना क्षेत्र के भाथूपारा वार्ड इलाके में बदमाशों ने आधी रात स्कॉर्पियो वाहन में आग लगा दिया। घटना में वाहन जलकर राख हो गया। घटना के बारे में वाहन मालिक कांता साहू को रात 3 बजे तब पता चला, जब उन्हें कमरे में जलने की गंध आई। बाहर निकलकर देखा तो वाहन से लपटें निकल रही थी। परिवार और पड़ोसियों की मदद से आग बुझाई पर तब तक वाहन जल चुका था। पुलिस ने बताया कि स्कॉर्पियो वाहन कांता साहू के नाम पर दर्ज था, लेकिन इसका इस्तेमाल उनका बेटा मोनू साहू करता था। मोनू साहू ने रोज की तरह मंगलवार की रात वाहन को घर के सामने खड़ी किया था। घर के चारों तरफ बाउंड्रीवाल होने के बावजूद बदमाश अंदर घुसने में कामयाब रहे और उन्होंने वाहन में आग लगा दी।

## राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स हेतु भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरिया की टीम S.C.E.R.T रायपुर पंहुची

### शिक्षा मंत्री सहित शीर्ष नेतृत्व से मिलेगा सीधा मार्गदर्शन – जिले की उम्मीदें हुईं और बुलंद



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री , राज्य मुख्य आयुक्त एवं राज्य सचिव जितेंद्र कुमार साहू के आदेशानुसार राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स 04 से 08 नवम्बर तक राज्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अनुसन्धान केंद्र (स.ष्ट.श्व.ऋज्ञ) शंकर नगर रायपुर में शिविर संचालन अशोक कुमार देशमुख के नेतृत्व में संचालक मंडल खोड़स राम कश्यप, अमित क्षत्रिय, जेरमिना एक्का के द्वारा किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं पदेन संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया चंदन संजय त्रिपाठी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के जिला मुख्य आयुक्त देवेंद्र तिवारी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट कोरिया के आदेशानुसार जिला सचिव स्काउट्स सुरेंद्र राजवाड़े, जिला संगठन आयुक्त स्काउट लीडर ट्रेनर (स्काउट), जिला संगठन आयुक्त गाइड, जिला मीडिया प्रभारी स्काउट रवि प्रसाद बैगा, विकासखण्ड सचिव शिवप्रताप सिंह, एडवांस गाइड कैप्टन ममता सिंह शामिल हो रहे है।

**प्रशिक्षण की मुख्य बातें,**

पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स में प्रतिभागियों को सेकेट्री एवं ऑर्गनाइजर कोर्स, मैपिंग एवं स्टार गेजिंग कोर्स, पायनियरिंग एवं स्टीमेशन कोर्स के साथ नेतृत्व व प्रबंधन से जुड़े उन्नत कौशल, स्काउट-गाइड गतिविधियों के आधुनिक संचालन के तरीके, संगठनात्मक ढांचे की मजबूती व नियोजन तकनीक राज्य स्तर की गतिविधियों का अनुभव और सेवा नई नई गतिविधियों को सिखाई जाएगी।

**जिला कोरिया के लिए महत्वपूर्ण,**

शीर्ष नेतृत्व के सीधे मार्गदर्शन से जिले की स्काउट-गाइड गतिविधियाँ और बेहतर होगी और संगठित व प्रभावी रूप से स्कूल स्तर से जिला स्तर तक कार्यप्रणाली में आएगी नई ऊर्जा और कार्यक्रमों के संचालन में दिखेगी मजबूती और अनुशासन।

जिले से गई टीम कोरिया के लिए नई उम्मीदें और नई दिशा लेकर लौटेगी। जिला कोरिया में स्काउट-गाइड गतिविधियों को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की संभावनाएँ और मजबूत होगी द्य यह पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स कोरिया जिले के लिए एक गौरवपूर्ण अवसर है। इससे जिले के स्काउटिंग आंदोलन को नई दिशा, सेवा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त करेगा।

## छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत कोरिया में

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत अपने एक दिवसीय प्रवास पर 6 नवंबर दिन गुरुवार को समय शाम 5꞉30 बजे विश्रामगृह बैकुंठपुर जिला कोरिया पहुंचेंगे नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत सर्किट हाउस में सभी कांग्रेसजनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट मुलाकात करेंगे आप सम्मानित कांग्रेसजन आमंत्रित हैं। प्रदेश के पदाधिकारीगण,सांसद/पूर्व सांसद, विधायक / पूर्व विधायक,वरिष्ठ कांग्रेसजन,जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और पदाधिकारी,ह्रस्द्ब,युवा कांग्रेस,सेवादल,महिला कांग्रेस, पंचायती राज संगठन,आदिवासी प्रकोष्ठ,नगरीय निकाय के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/पार्षद,जिला पंचायत सदस्य,जनपद अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, बीडीसी सदस्य,सरपंच,सेक्टर प्रभारी,जोन प्रभारी एवं समस्त बी.एल.ए.। आप सभी से अनुरोध हैं कि समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

## साइकिल वितरण समारोह में छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने दी साइकिल

**सरोना।** बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सतत विकास की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और मेसर्स दिलीप बिल्डकान लिमिटेड द्वारा 4 नवंबर को ग्राम डब्बीपानी में सरगी, बासनवाही रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर, भारतमाला परियोजना के अंतर्गत साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना ।

# कोरिया जिले में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान प्रारंभ

### 4 दिसंबर तक बीएलओ घर-घर पहुंचकर करेंगे गणना प्रपत्रों का वितरण,कलेक्टर ने की नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की शुरुआत 4 नवंबर 2025 से हो चुकी है। इस अभियान के तहत कोरिया जिले के सभी मतदान केंद्रों में नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर नागरिकों को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं।भारत निर्वाचन आयोग ने इस पुनरीक्षण के लिए 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि निर्धारित करते हुए 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का अवसर प्रदान किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के पात्र मतदाताओं से अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अभियान मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है, इसलिए सभी नागरिक अपने नाम एवं विवरण का सत्यापन अवश्य कराएं।



**फॉर्म भरने की अवधि,**

4 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक गणना प्रपत्र भरे और जमा किए जाएंगे। 9 दिसंबर 2025 को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी।दावा-आपत्तियों का निराकरण 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

**फॉर्म भरने के विकल्प,**

ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से फॉर्म भरकर जमा करें। ऑनलाइन श्वष्टद्बह्वश्वज्ञ मोबाइल ऐप से अथवा 1श्ह्लद्गह्म्ह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठ वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भरें।

**सहायता सुविधाएँ,**

किसी भी समस्या पर टोल-फ्री हेल्पलाइन 1950 उपलब्ध है।

श्वष्टद्बह्वश्वज्ञ ऐप में बुक ए कॉल विथ बीएलओ फीचर के माध्यम से सीधे बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है।

जिला एवं तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क एवं आईटी डेस्क कार्यालय समय में सहायता के लिए सक्रिय हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराना चाहिए।

## जनवरी में मिलेगी कचना-विस नई फोरलेन, मोवा-सड्डू जाने वालों को भी राहत

**रायपुर ।** कचना ओवरब्रिज से कचना चौक तक करीब 4.75 किमी चौड़ीकरण का काम जनवरी 2026 में पूरा हो जाएगा। करीब 11 करोड़ 35 लाख की लागत से इस सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। बारिश के पहले पीडब्ल्यूडी ने सड़क के दोनों तरफ गिट्टी डाल दिया, लेकिन बारिश की वजह से डामरीकरण का काम बंद कर दिया था।

पीडब्ल्यूडी इसी सप्ताह डामरीकरण का काम शुरू करेगा। इससे कचना से विधानसभा, मोवा और सड्डू की ओर रोजाना हजारों वाहनों को आवाजाही में राहत मिलेगी। क्योंकि वर्तमान में यह सड़क टू-लेन है। सड़क के फोर लेन बनने से आवागमन सुगम होगा और इन इलाकों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

पीडब्ल्यूडी को कचना से ब्रम्हकुम्हारीज आश्रम सड्डू तक चौड़ीकरण करना था, लेकिन इस बीच सरकारी जमीन नहीं है और जमीन का भू-अधिग्रहण करना पड़ता। इसलिए कचना ओवरब्रिज से कचना चौक तक चौड़ीकरण का काम होगा। सड़क के दोनों ओर नालियों और स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएगी। बता दें कि कचना के आसपास कई बड़ी-बड़ी कॉलोनियां बस रही हैं। इस क्षेत्र में आबादी भी तेजी से बढ़ रही है।

## राज्योत्सव में सूरजपुर पुलिस का जागरूकता स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस (राज्योत्सव) के अवसर पर स्टेडियम ग्राउण्ड में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। राज्योत्सव में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा जनजागरूकता हेतु एक विशेष प्रदर्शनी स्टॉल लगाया गया, जिसमें सायबर सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान एवं यातायात नियम तथा अन्य विषयों से संबंधित जानकारी आम नागरिकों को दी गई। राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने सूरजपुर पुलिस के जन जागरूकता स्टाल का भ्रमण किया। मंत्री ने सायबर सुरक्षा, नशा मुक्ति, यातायात नियमों, राहवीर योजना सहित अन्य ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी से संबंधित पोस्टर एवं जानकारी का अवलोकन किया तथा सूरजपुर पुलिस के जन जागरूकता प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर कलेक्टर एस.जयवर्धन, डीएफओ पंकज कमल, सीईओ जिला पंचायत विजेन्द्र सिंह पाटले, सम्मानित जनप्रतिनिधिगण व नागरिकगण उपस्थित रहे।सूरजपुर पुलिस का स्टाल बना जनजागरूकता का केन्द्र। पुलिस के स्टाल में साइबर ठगी और सोशल मीडिया सुरक्षा के उपाए, नशा मुक्ति के लिए संगठित प्रयासों का ब्यौरा, सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

# मिनी स्टेडियम में आयोजित राज्योत्सव में आयुष विभाग की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें वर्ष — रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कोरिया जिले के मिनी स्टेडियम में भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों द्वारा अपनी उपलब्धियों एवं कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिनमें आयुष विभाग कोरिया की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी।



आयुष विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में विभाग के विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों को सजीवता से प्रदर्शित किया गया। विशेष रूप से आयुर्वेद की पंचकर्म चिकित्सा पद्धति को अत्यंत सुंदर, सजीव एवं विस्तारपूर्वक दिखाया गया, जिससे आगंतुकों को यह समझने में सरलता हुई कि किस प्रकार पंचकर्म द्वारा शारीरिक और मानसिक रोगों का निवारण किया जाता है। प्रदर्शनी में औषधीय वनस्पतियों की विविध प्रजातियों को भी प्रमुखता से रखा गया, जिनका उपयोग आयुर्वेदिक औषध निर्माण में किया जाता है।

आयुष विभाग ने अपने 25 वर्षों की यात्रा को भी प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसमें यह दिखाया गया कि वर्ष 2000 में विभाग की क्या स्थिति थी और आज उन्नति की राह पर चलते हुए आयुष सेवाओं में किस प्रकार से विस्तार एवं सुधार हुआ है। इस प्रदर्शनी ने दर्शकों को विभाग की विकास यात्रा और जनकल्याण के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष अनुभव कराया।

कार्यक्रम में स्वर्ण प्राशन संस्कार को भी विशेष रूप से दर्शाया गया। इसमें बताया गया कि स्वर्ण प्राशन बच्चों की इम्यूनिटी बढ़ाने, मानसिक विकास, स्मरण शक्ति एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विशेषज्ञों द्वारा आगंतुकों को बताया गया कि यह आयुर्वेदिक विधि न केवल रोगों से सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होती है।

इसके अतिरिक्त, विभाग द्वारा पंचकर्म चिकित्सा के प्रति लोगों में रुचि बढ़ाने के लिए जीवंत प्रदर्शन किए गए। इन प्रदर्शनों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पंचकर्म एक निरापद, प्राकृतिक और प्रभावी चिकित्सा पद्धति है, जिससे व्यक्ति बिना किसी दुष्प्रभाव के स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो सकता है।

प्रदर्शनी में आयुष विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय कार्यक्रमों को भी दिखाया गया, जिनका उद्देश्य जनता में आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी पद्धतियों के प्रति जनजागरूकता फैलाना है।

राज्योत्सव में आयुष विभाग की यह प्रदर्शनी न केवल सूचना और शिक्षा का माध्यम बनी, बल्कि इसने लोगों के बीच आयुर्वेद के प्रति विश्वास और अपनत्व की भावना को और सशक्त किया। दर्शकों ने आयुष विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा पद्धति की आत्मा है, जो आधुनिक जीवनशैली में स्वास्थ्य संरक्षण का सशक्त साधन बन सकती है।

कुल मिलाकर, कोरिया राज्योत्सव में आयुष विभाग की प्रदर्शनी ने 'स्वस्थ छत्तीसगढ़' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

## उम्मीद से कई गुना अधिक लोग पहुंचे... जो जहां जाम में फंसा, वहीं से देखना पड़ा शो

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अंतिम दिन बुधवार सुबह 10.30 बजे नवा रायपुर में भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम ने अपने शौर्य का शानदार प्रदर्शन किया।



सेना के पराक्रम के सामने रायपुर का उत्साह भी आसमान पर था। ऐसा इसलिए क्योंकि अनुमान से अधिक भीड़ एयर-शो देखने पहुंची।

प्रशासन का कहना है कि करीब 4 लाख से ज्यादा लोग एयर शो देखने पहुंचे थे। भीड़ इतनी हो गई कि शो समाप्त होने तक लोग लगातार कार्यक्रम स्थल आते रहे। लगभग डेढ़ लाख से ज्यादा वाहनों की आवाजाही हुई। यही कारण है कि जिसे जहां से मौका मिला, सेना का शौर्य देखने रूक गया।

एयर-शो के दौरान सेना के जवानों ने आसमान में रोमांचक करतब दिखाए। सेंध तालाब के ऊपर हॉक एमके-132 फाइटर जेट्स के नौ विमानों ने एक साथ उड़ान भरते हुए तिरंगा, हार्ट इन द स्काई और एरोहेड जैसे फॉर्मेशन पेश किए। वहीं भारतीय वायुसेना की स्काई डाइविंग टीम के पैराट्रूपर्स ने विमान से छलांग लगाकर हवा में कलाबाजी दिखाई।

# सेमरिया घाट शिवनाथ नदी तट पर लगा पुन्नी मेला, लोगों ने किया पुण्य स्नान

**भाटापारा।** कार्तिक पूर्णिमा पर शिवनाथ नदी स्थित सेमरिया घाट के तट पर पुन्नी मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर आनंद उठाया। नदी में सुबह से ही लोगों ने पहुंचकर स्नान कर पुण्य लाभ लिया।

वहीं तट पर आयोजित मेले में नगर और ग्रामीण अंचल के बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने पिकनिक मनाई। इसके अलावा सिमरिया घाट से 4 किमी दूर मदकू द्वीप पर भी लोगों ने पहुंचकर वहां एनीकट में स्नान किया। पुन्नी मेला के चलते नगर के प्रमुख बाजार और दुकानें बंद रहीं। दोपहर बाद से शाम तक मेला स्थल में काफी भीड़ रह।

इसके कारण सड़क पर थोड़ी थोड़ी देर में जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। ग्रामीण थाना यातायात थाना के पुलिस बल व्यवस्था बनाने में लगे रहे। वहीं सिमरिया घाट शिवनाथ नदी में बने एनीकट के ऊपर से पानी बहने के साथ-साथ नदी में भी जलस्तर काफी मात्रा में भरा हुआ है। मेला परिसर में झूले व कई तरह की दुकानें लगाई गई थी, जहां लोगों ने खरीदी की।




सतत प्रगति पथ पर
छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin
आवास और सामाजिक सुरक्षा
26 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास
40 लाख से अधिक परिवारों को स्वच्छ पेयजल
राज्य के शत्-प्रतिशत् गांवों का विद्युतीकरण
खनिज क्षेत्रों में विकास हेतु डीएमएफ फंड की सौगात
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
S-45738/1
सुशासन से समृद्धि की ओर
ChhattisgarhCMO
DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in





# देव दीपावली पर महाआरती ने दी हसदेव को दिव्यता

**कोरबा।** यहां की हसदेव नदी में पिछली रात लोगों को दिव्यता का बोध हुआ, जब यहां महाआरती की गई। मौका था देव दीपावली के उत्सव का। नमामि हसदेव सेवा समिति ने यह आयोजन किया। गंगा, नर्मदा और यमुना में की जाने वाली महाआरती की शक्ल यहां पर दिखाई दी। हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति इस दृश्य को देखने के लिए कई घंटे पहले घाट व इसके आसपास जमा हो गई। लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के समापन के बाद रात्रि को जीवनदायिनी हसदेव को गंगा समान पूजते हुए उसकी महाआरती की गई। लोगों ने पूरे भाव से इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने हसदेव के संरक्षण और इसकी पहचान को व्यापकता देने संबंधी प्रयासों को सराहा। कहा गया कि यह आयोजन दूसरे क्षेत्रों के लिए प्रेरक बनेगा।

## सर्विस रिकार्ड के गलतियों पर सुधार की होगी चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में कार्यरत कामगारों के सर्विस रिकार्ड में उल्लेखित गलतियों को लेकर प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधि काफी गंभीर हैं। ऐसे मामलों में बाद में कोयला कामगारों के परिजनों व कामगारों को परेशानी होती है। इसके लिए प्रबंधन ने आवेदन जमा कराया था। इस मामले पर आज एसईकेएमसी की आईआर वार्ता होगी। जिसमें प्रोजेक्ट के छंदराम राठौर, गिरिश जायसवाल सहित अन्य सदस्य मामले को प्रबंधन के सामने रखेंगे। इनका कहना है कि सर्विस रिकार्ड की गलतियों पर सुधार कार्य जरूरी है। नॉमिनी के नाम पर भी गलती देखने में आता है। बाद में मृतक के परिजनों को काफी दिक्कतें होती है। इसके अलावा कोयला कामगारों के जन्मतिथि में भी गलती होने की बात कही जाती है। कई बार कोयला कामगार 60 वर्ष से पहले रिटायर्ड हो जाते हैं, ऐसी गलतियों को सुधारना होगा।

# गोढ़ी, बुंदेली सहित कई जंगलों को अपना अड्डा बनाया शातिर जुआड़ियों ने

### किस्मत चमकाने को मानते हैं अच्छा फार्मूला

**कोरबा।** अनेक स्थानों पर चल रहे शराब के अवैध ठिकानों पर पुलिस ने कार्रवाई करने के दावे किए हैं। स्थाई रूप से कितने अड्डे बंद हो गए हैं, यह कह पाना मुश्किल है। खबर यह है कि अब जुआड़ियों ने सिर उठाना शुरू किया है। प्राथमिक व्यवस्था में जिले के गोढ़ी, बुंदेली और शुक्लाखार का जंगल इनके लिए सबसे अच्छा अड्डा बना हुआ है।

सूत्रों का कहना है कि ठंड के महीने में दिन की अवधि कम हो गई है और रात के घंटे बढ़ गए हैं। ऐसे में आसानी भी है और राहत भी। इसलिए जुआड़ियों ने मौसम का भरपूर लाभ लेने के लिए एक बार फिर से अपनी सक्रियता को परवान चढ़ाया है। दीपावली का सीजन उनके लिए कैसा रहा, इसकी बेहतर जानकारी नहीं मिल सकी लेकिन हाल के दिनों में अलग-अलग स्थान पर उन्होंने अपनी उपस्थिति को पुख्ता किया है। कोरबा शहरी क्षेत्र के नजदीक गोढ़ी और बुंदेली के औसतन घने जंगलों में जुआड़ियों की अड्डेबाजी कुछ ज्यादा हो रही है, इस तरह की खबरें हैं। वहीं बांकीमोंगरा क्षेत्र के शुक्लाखार जंगल में भी जुआड़ियों की बैठकी कुछ ज्यादा हो रही है। यहां पर अच्छी व्यवस्था के बीच कोरबा सहित सक्ती और जांजगीर-चांपा जिले से जाने-माने गैम्बलर बराबर पहुंच रहे हैं। जुआ की फड़ों का संचालन करने वाले लोगों का वास्ता ऊंची पहुंच से बताया जा रहा है ताकि रिस्क कव्हर की पूरी गुंजाइश रहे। सूत्रों का दावा है कि यहां पर उनके लिए अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। खेल के दौरान अगर खतरा भी हो तो सूचनाएं तत्काल पहुंचाने के लिए आसपास में पर्याप्त मैसेंजर रखे गए हैं जो टेक्निकली फिट हैं।



### पाली में पड़ा था छापा

याद रहे कुछ महीने पहले ही कटघोरा थानेदार धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व वाली टीम ने पाली थाना क्षेत्र के सेमरा-जेमरा में छापे की कार्रवाई की थी और बड़ी संख्या में जुआड़ियों का पकड़ा था।

# जिल्गा में शिव मंदिर की नींव रखी, लोग उत्साहित



**कोरबा।** कोरबा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम जिल्गा (बरपाली) गांव के प्रथम श्रीराम मंदिर एवं भगवान भोलेनाथ मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। आयोजन के मौके पर हिंदू जागरण मंच के जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश झा एवं मिथिलेश पांडे अतिथि थे। ग्रामीणों ने यहां संकल्प लिया कि एक आदर्श धर्म स्थल तैयार कराने के साथ नए उदाहरण दिए जाएंगे।

यह क्षेत्र हिन्दू बाहुल्य होने के बावजूद आज तक किसी मंदिर का निर्माण नहीं हुआ था। इसलिए इस मसले पर ग्रामवासी स्वयं आगे आए हैं और अपने ग्राम में भगवान श्रीराम एवं शिवशंकर का मंदिर बनाकर धार्मिक जागरण और एकता का प्रतीक स्थापित करने का संकल्प लिया है। मंदिर निर्माण की नींव रखते हुए सुरेश झा ने कहा कि हिन्दू समाज तभी संगठित रहेगा जब उसका आस्था केंद्र सशक्त होगा। जिन गांवों में मंदिर नहीं हैं, वहां धर्मांतरण की प्रवृत्ति तेज़ी से फैलती है। मंदिर न केवल पूजा का स्थल है, बल्कि वह हमारी संस्कृति, परंपरा और एकता का केंद्र है। जिल्गा में यह पहल आने वाले समय में अन्य गांवों के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने आगे कहा कि हिन्दू जागरण मंच लगातार ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक जागरण का कार्य कर रहा है। इस अभियान के तहत मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी भी मंच के कार्यकर्ताओं ने स्वयं ली है।

## प्रतिनिधि मंडल मिलेगा मुख्यमंत्री से

**कोरबा।** सतनाम कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें गुरु घासीदास जयंती समारोह की तैयारियों पर चर्चा करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलने का निर्णय लिया गया। कल एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष नारायण कुर्रे के नेतृत्व में रायपुर रवाना होगा और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कोरबा आने का न्यौता देंगे। उनके साथ सचिव डीआर भारद्वाज, डॉ. जय लहरे, सरजू अजय, राजेश लहरे, आनंद सोनवानी, कमलेश अनंत सहित अन्य कार्यकर्ता रहेंगे। ज्ञातव्य है कि कोरबा में गुरु घासीदास जयंती समारोह भव्य तरीके से मनाया जाता है। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कई अतिथि शामिल होते हैं।

## हिंदू रक्षकों का होगा सम्मान

**कोरबा।** धर्मसेना की बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि गणेश पूजा व दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों का सम्मान के अलावा भजन मंडली की सदस्यों का सम्मान होगा। क्योंकि इनके सदस्य हिंदुत्व रक्षा के लिए कार्य करते हैं। कई ऐसे समिति हैं जो लगातार कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं। उनका सम्मान किया जाना जरूरी होगा। जिला संयोजक साकेत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूजा समिति व भजन मंडली के सदस्यों की सूची बनाई जा रही है। 9 नवंबर को परशुराम भवन में सम्मान समारोह आयोजित है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह, रूपेंद्र गभेल, अंजू बघेल, विष्णु पटेल, मोहित वाधवानी सहित अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

# अघ्हन गुरुवार को लक्ष्मी पूजा के साथ किया दीपदान



**कोरबा।** कोरबा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अगहन मास में धार्मिक गतिविधियां जारी है। आज प्रथम गुरुवार को सूर्योदय से पहले हिंदू समाज की महिलाओं ने पूजा अर्चना करने के साथ दीपदान किया। परंपरा के अंतर्गत पिछली रात को ही संथाल बोले अपने घरों में साफ सफाई के साथ चावल आटे से अल्पना तैयार की। धन की देवी लक्ष्मी के पैर के साथ कई आकृतियां तैयार की। इधर पूजन कक्ष से आंगन तक बनाने की परंपरा है। मान्यता है कि ऐसा करने से समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

# पुलिस कर्मियों की स्वास्थ्यगत परेशानी को जानने किया परीक्षण

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में 'रजत जयंती महोत्सव' धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं कोरबा अर्बन पब्लिक सर्विस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में 5 नवंबर को कटघोरा पुलिस थाना परिसर में एक विशेष मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



इस शिविर में कटघोरा पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं जवानों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। वहीं नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी ने भी शिविर में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया और इस पहल की सराहना की। शिविर के दौरान स्वास्थ्य टीम द्वारा उपस्थित सभी लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, एवं अन्य आवश्यक जांचें की गईं। साथ ही लैब परीक्षण के पश्चात आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, नगर पालिका कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कोरबा अर्बन पब्लिक सर्विस सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के अवसर पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर जिले के विभिन्न स्थलों पर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# जो बोल नहीं पाते, उनकी सेवा के लिए संस्था और लोग सक्रिय

**कोरबा।** मानव ही एकमात्र ऐसा प्राणी है जो दूसरों से संवाद कर सकता है और अपने ठीक होने या न होने सहित अन्य भाव व्यक्त करने की क्षमता रखता है। दूसरी ओर पशु-पक्षियों को ऐसी विशेषता उपलब्ध नहीं है। वे सिर्फ हाव-भाव से ये चीजें साझा कर सकते हैं। ऐसे जीवों की सेवा के लिए कोरबा क्षेत्र में काम करने वाले कई लोग मौजूद हैं।

गौपालक संघ, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाइटी के अलावा कई लोग व्यक्तिगत रूप से भी मूक प्राणियों की सेवा करने को आगे है।

इसी कड़ी में कोरबा की ढोढ़ीपारा क्षेत्र की मेघा ने अपने आपको एक अनूठे मिशन में समर्पित कर दिया है। हर जीव में परमात्मा का वास है और प्रत्येक जीव परमात्मा के अंश हैं, इस



अलौकिक सत्य को अपने जीवन का आधार बनाकर मेघा ने बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा में खुद को झोंक दिया है. उनका मानना है कि चोट लगने पर मानव को जिस प्रकार दर्द होता है, उसी प्रकार पशु-पक्षियों को भी होता है। सुबह-शाम उनकी स्कूटी जैसे ही घर से निकलती है, वह बेजुबानों की 'ममता एक्सप्रेस' बन जाती है। उस पर खाने की सामग्री के साथ-साथ दवाएं और मरहम-पट्टी का सामान भी होता है, जहां कहीं भी बीमार गाय, कुत्ता, बिल्ली या पक्षी दिखते हैं।

# घुड़देवा बाजार तक स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से रात्रि में आना-जाना जटिल

### आश्वासन में अधिकारी आगे पर काम में फिसड्डी

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र बांकीमोंगरा में कई प्रकार की समस्याएं लोगों को परेशान करने का कारण बनी हुई है। कहीं सड़क गायब तो कहीं सड़कों पर उलझनें और कुछ इलाके ऐसे हैं जहां खंभों पर स्ट्रीट लाइट तो जरूर लगी है लेकिन जलती नहीं। कुल मिलाकर ये चीजें बेमतलब सी हो गई है। कटाईनार चौक से घुड़देवा बाजार तक की स्ट्रीट लाइट का हाल कुछ ऐसा ही है। अंधेरा पसरने से यहां रात्रिकालीन आवाजाही खतरे में है।

पिछले कुछ महीनों से स्ट्रीट लाइट निष्क्रिय है। रात्रि में अपने कार्यों से लोग इस रास्ते से आना-जाना करते हैं। मार्ग की दशा बेहतर न होने और लाइट की व्यवस्था के अभाव में स्थितियां जटिल हो गई है। कई मौके पर घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। नगर पालिका परिषद के अधिकारी के अलावा उच्चाधिकारियों तक बात पहुंचाई गई। किसी ने भी आश्वासन देने के मामले में अपने आपको पीछे नहीं रखा, लेकिन काम भी नहीं किया। इन सबके चक्कर में क्षेत्र के नागरिक मुश्किल झेलने को मजबूर हैं। लोगों को लगता है कि अधिकारी लिखित शिकायत से बाज नहीं आने वाले हैं इसलिए उनके साथ कुछ दूसरा तरीका अपनाने की जरूरत है।

### पार्षद अश्वनी ने दी धरना की चेतावनी

क्षेत्र के पार्षद अश्वनी मिश्रा ने इस मसले को लेकर एक बार फिर नगर पालिका अधिकारी को स्मरण कराया। वे पहले भी इस बारे में पत्र लिख चुके हैं। पहले भी उन्हें कहा गया था कि समस्या का निराकरण कराएंगे लेकिन हालात जस के तस हैं। अब उन्होंने सात दिन का समय घुड़देवा बाजार तक की स्ट्रीट लाइट को ठीक कराने के लिए दिया है। इसके अभाव में वे धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इससे उत्पन्न स्थिति के लिए नगर पालिका प्रशासन का दायित्व होगा।





# कुसमुंडा गुरुद्वारा में शबद-कीर्तन के साथ लंगर

सिख धर्म के प्रथम गुरु नानक देव का 556वां जन्मदिवस कार्तिक पूर्णिमा को धूमधाम से मनाया गया। कुसमुंडा विकास नगर स्थित गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा में अखंड पाठ का समापन हुआ। शबद-कीर्तन और गुरु वाणी के साथ दोपहर में आम लंगर आयोजित हुआ। विशेष अरदास के साथ लोगों ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के लोग पहुंचे हुए थे।

## डस्ट से जूझ रहे हैं मानिकपुरवासी

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर खदान से निकलने वाले धूल से मानिकपुरवासी परेशान हैं। ट्रकों के आवाजाही से भी धूल उड़ रहे हैं। पानी का छिड़काव पर्याप्त नहीं होने से कालोनी में भी धूल प्रवेश कर रहा है। इसे लेकर एसईकेएमसी के प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों से मिलने का निर्णय लिया है। प्रमोद बनर्जी, सुब्रत दास, रामफल साहू, सुनित शुक्ला, किशोर सिन्हा, संदीप चौधरी का मानना है कि इस मामले को कई बार आईआर बैठक में उठाया गया है। सड़कों पर पानी जो गिराया जा रहा है वह काफी कम है। पानी की मात्रा बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा ताकि मानिकपुर कालोनी में धूल प्रवेश न कर सके। इसके लिए अन्य श्रमिक संगठन भी लगातार प्रयास करते रहे हैं।

## सुभाष ब्लॉक मार्ग के गड्ढे कर रहे परेशान

**कोरबा।** एसईसीएल प्रबंधन को कालीबाड़ी चौराहा से लेकर घंटाघर जाने वाले सुभाष ब्लॉक मार्ग से मतलब नहीं रह गया है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि इस रास्ते पर जहां-तहां गड्ढे मौजूद हैं। आम लोग आवागमन के दौरान मुश्किलों के झेलने मजबूर हैं।

फ्लैट बेचना है

बुधवारी बाजार घंटाघर रोड स्थित पावर हाइट सोसायटी में 3 बीएचके सेमी फर्निश्ड फ्लैट बेचना है।

संपर्क करें

8770934804

सेल्समेन की आवश्यकता है

Shree Balaji Pharma

स्थान : कोरबा (Korba)

क्या आप हेल्थकेयर सेक्टर में अपना करियर बनाना चाहते हैं?

Shree Balaji Pharma आपको एक सुनहरा अवसर दे रही है अपनी सेल्स टीम में शामिल होने का।

योग्यता :

➲अच्छे कम्युनिकेशन और प्रेजेंटेशन स्किल्स

➲फ्रेशर या एक्सपीरियंस दोनों आवेदन कर सकते हैं।

संपर्क करें

9589590999







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com